www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–241 । सागर, शुक्रवार, 20 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

संभागीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में सागर बना विजेता — पृष्ठ 3

- हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता
- 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस

पृष्ठ 4

- धोखाधड़ी के मामले में लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के घर पहुंची असम पुलिस की टीम

पृष्ठ 6

कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने अंतर जिला बॉर्डर एवं मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### हाईकोर्ट ने पुलिसकर्मियों को 14 दिन की जेल की सजा सुनाई

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात हाईकोर्ट ने गुरुवार को चार पुलिस अधिकारियों को 14 दिन की जेल की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह पुलिसकर्मी एक साल पहले खेड़ा में कई मुस्लिम पुरुषों की पिटाई में शामिल थे। हालांकि, बचाव पक्ष की याचिका पर कार्रवाई करते हुए अदालत ने दोषियों को अपील करने का समय देते हुए सजा के क्रियान्वयन को तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया।

### खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाली महिला गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में खुद को आईएएस अधिकारी बताने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। बडगाम पुलिस स्टेशन को बडगाम के अलीपोरा गांव के गुलाम हसन मलिक से एक शिकायत मिली थी। इसमें श्रीनगर के राजबाग इलाके में रोज लेन नंबर 6 में रहने वाली आयुष कौल नाम की एक महिला ने खुद को आईएएस अधिकारी बताकर उसके बेटे को सरकारी नौकरी दिलाने का वादा करके 6.5 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

### राजधानी में चुनिंदा कथानकों की आठ दिवसीय प्रदर्शनी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी। हिंदू पौराणिक कथाओं के चुनिंदा कथानकों और उनसे संबंधित आकृतियों की एक नया रूप में प्रस्तुत करती हुई हैदराबाद की चित्रकार अर्पिता रेड्डी की तूलिका से उभरे आधुनिक भित्ति-चित्रों की एक प्रदर्शनी-'विश्वात्मा' का राजधानी में आयोजन किया गया है। इंडिया गेट गोल चक्कर के समीप बीकानेर हाउस में लगी इस इस आठ दिवसीय प्रदर्शनी के मुख्य रूप से तीन खंड हैं जिनमें कुल 50 से अधिक कृतियां देश की पौराणिक कथाओं के महत्व और श्रेष्ठता से परिचय कराती है। इसके पहले खंड में 'नामम' शीर्षक के तहत अर्पिता की 16 पेंटिंग रखी गयी हैं जिनमें वैष्णव तिलक को विभिन्न रंगों में दर्शाया गया है।

### हाई कोर्ट से सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज की

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को जेल में बंद तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी। बालाजी को 14 जून को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। बालाजी ने स्वास्थ्य आधार पर जमानत के लिए आवेदन किया था। न्यायमूर्ति जी. जयचंद्रन ने ईडी की इस दलील के आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया कि वो एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और अगर उन्हें जमानत दी गई तो वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। जज ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ए.आर.एल. सुंदरेशन और विशेष लोक अभियोजक एन. रमेश की दलील पर भी विचार किया जो ईडी की ओर से पेश हुए थे। उन्होंने बताया कि सेंथिल बालाजी चार महीने की कैद के बाद भी राज्य कैबिनेट में मंत्री हैं और यह अपने आप में स्पष्ट प्रमाण है कि वो अत्यधिक प्रभावशाली हैं। ।

---

इजरायल-हमास जंग पर बोला विदेश मंत्रालय


# गाजा से लोगों को निकालना मुश्किल

### इजरायल से अब तक 12 सौ भारतीय नागरिकों को निकाला गया

***नई दिल्ली, एजेंसी।*** *इजरायल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास की जंग जारी है। इस बीच विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इजरायल से अब तक करीब 1200 भारतीय नागरिकों को निकाला गया है. इनमें 18 नेपाली नागरिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, ऑपरेशन अजय के तहत 5 फ्लाइट में 1200 लोग वापस आए हैं और भी फ्लाइट भेजने का प्लान चल रहा है। परिस्थिति का जायजा लिया जा रहा है।'*

*ऑपरेशन अजय उन भारतीय नागरिकों की वापसी के लिए शुरू किया गया है जो कि भारत लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में पहले तकरीबन 4 लोग थे, लेकिन हमारे पास पुख्ता आंकड़े नहीं हैं। वेस्ट बैंक में 12-13 लोग थे। गाजा में स्थिति ऐसी है कि वहां से निकालना थोड़ा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि किसी भारतीय के हताहत होने की ख़बर नहीं है। केवल एक भारतीय के जंग में घायल होने की पुष्टि हुई है।*

### मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति को दिया मदद का भरोसा



***नई दिल्ली, देशबन्धु।*** *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास के साथ टेलीफोन पर बात की तथा गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमले में नागरिकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के साथ ही फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखने का आश्वासन दिया।*

### लोगों की जान जाने पर भारत चिंतित

*बागची ने कहा, हमने इजरायल पर हुए आतंकी हमले की निंदा की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़ा होना चाहिए। हमने इसके अलावा लोगों की जान जाने पर चिंता भी जताई है।' उन्होंने कहा कि हमने हमेशा फिलिस्तीन मुद्दे पर दो राष्ट्रों के समाधान के लिए प्रत्यक्ष बातचीत के पक्ष में अपना रुख दोहराया है।*

---

कांग्रेस ने जारी की 88 उम्मीदवारों की सूची, दतिया, पिछोर और गोटेगांव के प्रत्याशी बदले

# भोपाल दक्षिण से पीसी, हुजूर से ज्ञानचंदानी को दिया टिकिट



- उत्तर से आरिफ अकील के बेटे आतिफ लड़ेंगे चुनाव, गोविंदपुरा से रविन्द्र साहू को उतारा
- भाजपा से आए दीपक जोशी, शेखावत शर्मा और पटेल को मिला टिकिट

### कमलनाथ ने दी शुभकामनाएं

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी करने से पहले दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष मलकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। बाद में उन्होंने सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी सिर्फ विधायक बनने के लिए खड़े नहीं हो रहे हैं बल्कि मध्यप्रदेश का भविष्य संवारने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। हम सब प्राण, प्रण से अपने कर्तव्य में जुट जाए और 18 साल के कुशासन का अंत करने के लिए कमर कस लें। मध्यप्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाएं।

**नई दिल्ली,/भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने देर रात अपने 88 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इनमें 3 सीटों -दतिया, पिछोर और गोटेगांव के उम्मीदवार बदल दिए गए हैं। पार्टी ने दतिया से अवधेश नायक की जगह अब राजेन्द्र भारती को उम्मीदवार बनाया गया है। गोटेगांव से शेखर चौधरी की जगह एनपी प्रजापति को टिकिट दिया गया है। पिछोर से शैलेन्द्र की जगह अरविन्द लोधी को उम्मीदवार बनाया गया है।भोपाल दक्षिण से एकबार फिर पीसी शर्मा, हुजूर से नरेश ज्ञानचंदानी को टिकट दिया गया है। वहीं भोपाल उत्तर से आरिफ अकील के बेटे आतिफ अकील, गोविंदपुरा से रविन्द्र साहू को मैदान में उतारा गया है। भाजपा छोड़ कांग्रेस में आए पूर्व मंत्री दीपक जोशी को खातेगांव से प्रत्याशी बनाया गया है। जबकि बदनावर से भंवरसिंह शेखावत और जावध से समंदर पटेल को टिकिट दिया गया है। सुबावली से कुलदीप सिकरवार, मुरैना से दिनेश गुर्जर, दिमनी से रविन्द्र सिंह तोमर, अंबाह से देवेन्द्र शंखवार, भिंड से चौधरी राकेश चतुर्वेदी, गौहद से केशव देसाई, ग्वालियर से सुनील शर्मा, गुना से पंकज कनेरिया, बीना से श्रीमती निर्मला सप्रे, खुरई से रक्षा राजपूत, रेहली से इंजीनियर ज्योति पटेल, सागर से श्रीमति निधि जैन, निवाड़ी से अमित राय, दमोह से अजय टंडन, पन्ना से भरत मिलन पांडे, मैहर से धर्मेश घई, रामपुर बघेलान से रमाशंकर प्यासी, सिरमोर से रामगरीब कौल, सैमरिया से अभय मिश्रा, देवतालाब से पद्मेश गौतम, रीवा से राजेन्द्र शर्मा, सीधी से ज्ञानसिंह, देवसर से वंशमणि वर्मा, दोहानी से कमलेश सिंह, ब्वोहारी से रामलखन सिंह, जयसिंह नगर से नरेन्द्र मरावी, कोतमा से सुनील सर्राफ, बांधवगढ़ से सावित्री सिंह, मानपुर तिलकराज सिंह, विजयरावगढ़ नीरज बघेल, मुरवारा से मिथलेश जैन, बोहरीबंद से सौरभ सिंह, जबलपुर केंट से अभिषेक चौकसे, पनागर से राजेश पटेल, निवास चैनसिंह, मंडला से अशोक मर्शकोले, वारा-सिवनी से विक्की पटेल, गाडरवारा सुनीता पटेल, जुन्नारदेव सुनील उईके, अमरवाड़ा से कमलेश शाह, चौरई से सुजीत मेरसिंह, सोशर से विजय चौरे, परासिया से सोहन बाल्मिक, पार्ढुना से नीलेश उईके, सिवनी-मालवा से अजय बलराम पटेल, होशंगाबाद से गिरजाशंकर शर्मा, सोहागपुर से पुष्पराज सिंह, पिपरिया गुरूचरण खरे, सांची डॉ. जी सी गौतम, कुरवाई से रानी अहिरवार, इछावर से शैलेन्द्र पटेल, नरसिंहगढ़ गिरीश भंडारी, ब्यावरा से पुरुषोत्तम दांगी, सारंगपुर से काला महेश मालवीय, शुजालपुर से रामबीर सिंह सिकरवार, देवास से प्रदीप चौधरी, बागली से गोपाल बोन्साले, हरसूद से सुखराम सालवे, खंडवा से कुंदन मालवीय, नेपानगर से जेंडूबाई चौहान, बुरहानपुर से सुरेन्द्र सिंह सेरा, सेंधवा से मोन्टू सोलंकी, पानसेमल से चंद्रप्रभगा किराडे, मनावर से डॉ. हीरालाल अलावा, धार से प्रभा गौतम, बदनावर से भंवरसिंह शेखावत, इंदौर-3 से दीपक पिंटू जोशी, इंदौर-5 सत्यनारायण पटेल, अंबेडकर नगर से रामकिशोर शुक्ला, उज्जैन दक्षिण इंजीनियर चेतन प्रेमनारायण यादव, बड़नगर से राजेन्द्र सिंह सोलंकी, रतलाम ग्रामीण से लक्ष्मण डिंडोरे, रतलाम शहर पारस सकलेचा, जावरा से हेमंत श्रीमाल, मल्लाहरगढ़ से परूसराम सिसौदिया, गरोठ से सुभाष सोजतिया, नीमच से उमराव सिंह गुर्जर, जावध से समंदेर पटैल को प्रत्याशी बनाया गया है।

---

शिवराज ने बिना नाम लिए कमलनाथ पर कसा तंज, बोले

## हम जनता को अपने काम बता रहे, कुछ लोग शमशान पर तांत्रिक क्रिया करा रहे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज बिना किसी का नाम लिए कहा कि जहां एक ओर भारतीय जनता पार्टी के लोग जनता को अपने किए गए जनकल्याणकारी कार्यों के बारे में बता रहे हैं, वहीं कुछ लोग शमशान घाट पर तांत्रिक क्रिया करा रहे हैं। श्री चौहान ने प्रदेश भाजपा कार्यालय से पार्टी के हाईटेक प्रचार रथों को रवाना करने के अवसर पर कहा कि इस दौरान उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हम जनता को अपने काम बता रहे हैं और कुछ लोग शमशान घाट पर तांत्रिक क्रियाएं कर रहे हैं। यह लोकतंत्र है, लोकतंत्र में साधना और उपासना अगर किसी की होती है तो जनता की होती है। लोकतंत्र, जनता के विश्वास को जीतने का माध्यम है। जनता की सेवा करो, प्रदेश का विकास करो, लोगों का कल्याण करो। भाजपा ने किया है, इसलिए जनता से वोट मांगने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पूजा भी अगर करनी है तो वो श्री महाकाल के दरबार में सात्विक तरीके से होनी चाहिए। ये देख कर तकलीफ और आश्चर्य होता है कि तांत्रिक क्रियाएं करा रहे है। शमशान घाट में पूजा करने से क्या भला होगा। इसका मतलब स्वयं के ऊपर भरोसा ही नहीं है। कांग्रेस ने जनता को लूटा और बर्बाद किया। साथ ही कल्याणकारी योजनाएं बंद करने का पाप भी किया। मध्यप्रदेश को तबाह और बर्बाद करने वाले अब शमशान घाटों में जाकर बैठ रहे हैं। मीडिया में आई कुछ खबरों के अनुसार कमलनाथ को कथित तौर पर मुख्यमंत्री बनाने के लिए कुछ तांत्रिक उज्जैन में मध्यरात्रि में शमशान घाट में साधना कर रहे हैं। इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं, जिसमें कुछ तांत्रिक कमलनाथ की फोटो रख कर साधना करते दिख रहे हैं।

---

तेलंगाना में राहुल का जनता से वादा

# कांग्रेस गरीबों, किसानों और श्रमिकों की सरकार देगी



**भूपालपल्ली (तेलंगाना), एजेंसी,** राहुल गांधी ने गुरुवार को वादा किया कि तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस पार्टी राज्य में जाति आधारित जनगणना कराएगी। राहुल ने जनता से वादा किया कि कांग्रेस गरीबों, किसानों और श्रमिकों की सरकार देगी। गुरुवार को भूपालपल्ली जिले में विजयभेरी यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने जाति आधारित जनगणना को देश का सबसे बड़ा मुद्दा बताया और इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की चुप्पी पर सवाल उठाया। तेलंगाना में दूसरे दिन प्रचार कर रहे राहुल गांधी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना एक एक्स-रे की तरह होगी जो यह निर्धारित करेगी कि देश में पिछड़े वर्गों की आबादी केवल पांच प्रतिशत है या नहीं। भारत के बजट के सिर्फ पांच फीसदी हिस्से पर ओबीसी का कब्जा है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या देश में ओबीसी आबादी केवल पांच प्रतिशत है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पहले ही छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक में जाति आधारित जनगणना का आदेश दे चुकी है। अगर हमारी पार्टी तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो सबसे पहले हम यहां तेलंगाना का एक्स-रे करेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि एक्स-रे से यह भी पता चल जाएगा कि मुख्यमंत्री के परिवार ने तेलंगाना के लोगों का कितना पैसा लूटा।

उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में एक परिवार का शासन है। देश के सभी राज्यों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार तेलंगाना में है। भ्रष्टाचार का तेलंगाना मॉडल दूसरे राज्यों में निर्यात किया जा रहा है। तेलंगाना राज्य के लिए आंदोलन के दौरान लोगों को उम्मीद थी कि नए राज्य में लोगों का शासन आएगा, लेकिन राज्य के गठन के बाद मुख्यमंत्री ने खुद को लोगों से दूर कर लिया। उन्होंने कहा, आपका सपना लोगों के शासन का था, लेकिन आपने पाया कि एक परिवार आप पर शासन कर रहा है।

### मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज कराए

चूंकि मैं भाजपा से लड़ता हूं, इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज कराए। उन्होंने मेरी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी और मेरा घर छीन लिया। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरी लड़ाई भाजपा और आरएसएस के खिलाफ एक वैचारिक लड़ाई है।

---

मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर बोले गहलोत

# मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, पर ये मुझे नहीं छोड़ रहा



**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर देशबन्धु।** विधानसभा चुनावों को लेकर राजस्थान के टिकटों की सूची फाइनल करवाने के लिए दिल्ली पहुंचे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरुवार को को सियासी हलकों में चल रहे तमाम सवालों के जवाब दिए। प्रदेश में चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहता हूं, लेकिन यह पद मुझे नहीं छोड़ रहा है और शायद छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि कुछ तो कारण होंगे कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुझे बार-बार मुख्यमंत्री बना रहे हैं। गहलोत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। बोले, मोदी कहते हैं कि मैं गहलोत से बड़ा ईमानदार हूं तो मैं उनको कहना चाहता हूं कि मैं मोदी से बड़ा फकीर हूं। जिंदकी में एक ईंच जमीन नहीं खरीदी, सोना नहीं खरीदा, इसलिए मोदी को बड़ा दावा नहीं करना चाहिए प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई को लेकर भी सीएम अशोक गहलोत ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत संजीवनी घोटाले के आरोपी उनकी जांच क्यों नहीं की जा रही। गहलोत बोले, यहां के सांसद ईडी के ऑफिस में जाकर झूंठी शिकायत करते हैं और उनके कहने पर ईडी कार्रवाई के लिए आ जाती है। सांसद किरोड़ी ने तूफान मचा दिया कि लॉकर में 500 करोड़ रुपए पड़े हैं, ईडी वहां पहुंच गई सचिन पायलट से विवादों के सवाल पर गहलोत ने गुगली फेंकी। उन्होंने कहा कि विपक्ष को तकलीफ ही यही हो रही है कि इनके बीच झगड़े क्यों नहीं हो रहे हैं।

---

एडीआर ने विधायकों की पृष्ठभूमि का किया विश्लेषण

# मप्र में 186 मौजूदा विधायक करोड़पति

### इसमें सत्तारूढ़ भाजपा के 107 विधायक शामिल

**भोपाल/नई दिल्ली, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 230 मौजूदा विधायकों में से 186 करोड़पति हैं, इनमें से 107 विधायक सत्तारूढ़ भाजपा के शामिल हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरण का विश्लेषण किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 186 (81 प्रतिशत) करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 107 (83 प्रतिशत), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 76 (78 प्रतिशत) और सभी तीन निर्दलीय विधायकों ने एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति घोषित की है। रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश में प्रति मौजूदा विधायक की संपत्ति का औसत 10.76 करोड़ रुपए है। विश्लेषण किए गए 129 भाजपा विधायकों की प्रति विधायक औसत संपत्ति 9.89 करोड़, विश्लेषण किए गए 97 कांग्रेस विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़, विश्लेषण किए गए एक बसपा विधायक की औसत संपत्ति 96.95 लाख रुपये है और तीन निर्दलीय विधायकों की औसत संपत्ति 11.98 करोड़ रुपये है।

### करोड़पतियों में पाठक पहले, कश्यप दूसरे डागा तीसरे नंबर पर

रिपोर्ट में कहा गया है कि विजयराघवगढ़ से भाजपा विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने 226.17 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है, जबकि रतलाम शहर विधानसभा सीट से चेतन्य कश्यप के पास 204.6 करोड़ की संपत्ति है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पंधाना (एसटी) विधानसभा सीट से भाजपा के मौजूदा विधायक राम दांगोरे के पास 50,749 रुपए की संपत्ति है। वहीं 38 विधायकों ने 1 करोड़ रुपए और उससे अधिक की देनदारी घोषित की है, जबकि कांग्रेस के बैतूल विधायक निलय विनोद डागा, जिनके पास 127.6 करोड़ रुपये की संपत्ति है, पर 54 करोड़ रुपए की देनदारी है। खुरई से भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह की आय आईटीआर में घोषित उच्च आय 97.63 लाख रुपए है।

### 64 फीसदी विधायक स्नातक

रिपोर्ट के अनुसार, 62 (33 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 5वीं और 12वीं कक्षा के बीच घोषित की है, जबकि 158 (64 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। चार विधायक डिप्लोमा धारक हैं, जबकि पांच विधायकों ने खुद को सिर्फ साक्षर बताया है और एक विधायक ने खुद को निरक्षर बताया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 96 (42 फीसदी) विधायकों ने अपनी उम्र 25 से 50 साल के बीच घोषित की है, जबकि 134 (58 फीसदी) विधायकों ने अपनी उम्र 51 से 80 साल के बीच घोषित की है। विश्लेषण किए गए 230 विधायकों में से 20 (9 प्रतिशत) विधायक महिलाएं हैं। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

---

# कांग्रेस के 52, भाजपा के 39 विधायकों पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

मध्य प्रदेश के 230 विधायकों में से कम से कम 93 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 52 कांग्रेस के और 39 सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मध्य प्रदेश इलेक्शन वॉच ने सभी 230 मौजूदा विधायकों के आपराधिक, वित्तीय और अन्य पृष्ठभूमि विवरणों के विश्लेषण के आधार पर गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'विश्लेषण किए गए 230 मौजूदा विधायकों में से 93 (40 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से 47 (20 प्रतिशत) मौजूदा विधायकों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।' एक मौजूदा विधायक ने आईपीसी की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामले की घोषणा की है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि छह मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की घोषणा की है।

महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित विधायकों के खिलाफ मामलों पर प्रकाश डालते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि दो मौजूदा विधायकों ने आईपीसी की धारा-354 के तहत मामले घोषित किए हैं।

इसमें यह भी कहा गया है कि भाजपा के 129 विधायकों में से 39 (30 फीसदी), कांग्रेस के 97 विधायकों में से 52 (54 फीसदी), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक (33 फीसदी) ने अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले चलने की बात स्वीकार की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्तारूढ़ भाजपा के 129 विधायकों में से 20 (16 प्रतिशत), कांग्रेस के 96 विधायकों में से 25 (26 प्रतिशत), बसपा के एकमात्र विधायक और तीन निर्दलीय विधायकों में से एक ने खुद अपने हलफनामे में उनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 17 नवंबर को होना है और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

# स्पेशल फोर्स के साथ पुलिस ने नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश देते हुए संवेदनशील स्थलों का किया भ्रमण



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, नवरात्रि पर्व के दौरान शांति और सुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से बीना पुलिस ने स्पेशल फोर्स के बल द्वारा नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान क्रिटिकल मतदान केंद्रों के अलावा त्योहार की दृष्टि से महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों का दौरा भी किया। एसडीओपी प्रशांत सुमन की उपस्थिति में थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाने से शुरू हुआ, जो नगर के कच्चा रोड, महावीर चौक, बड़ी बजरिया, पुराने बस स्टैंड, गांधी तिराहा, कॉलेज तिराहा, सर्वोदय चौराहा से होता हुआ थाने में इसका समापन हुआ। पैदल मार्च करते हुए पुलिस के अधिकारियों ने आमजन से चर्चा भी की। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करने, नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने एवं शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु फ्लैग मार्च निकाला। बीना थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने कहा कि निर्वाचन के दौरान पैदल फ्लैग मार्च के माध्यम से जनसामान्य को आदर्श आचार संहिता का पालन करने, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में सहयोग के लिए अपील की। इसके अलावा उन्होंने नगर व छोटी बजरिया चौकी क्षेत्र के क्रिटिकल मतदान केंद्रों और त्योहार की दृष्टि से महत्वपूर्ण संवेदनशील स्थलों का भ्रमण किया।

## सार-समाचार

### गाजेबाजे एवं अखाड़े से निकली झंडा चढ़ावा यात्रा



**राहतगढ़, देशबन्धु।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी नवदुर्गा की पंचमी पर रामनगर वार्ड क्र. 15 स्थित मां ज्वाला देवी मंदिर से गाजेबाजे एवं अखाड़ों के साथ नगर के श्रद्धालु मां ज्वाला देवी मंदिर जलंधर झंडा चढ़ाने पैदल पहुंचे। मां ज्वाला अखाड़ा के तत्वाधान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने मां ज्वाला को 64 मीटर का झंडा अर्पित किया। पैदल यात्रा में शामिल श्रद्धालु जय ज्वाला माई की चिंता अब काहे की के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। यह झंडा चढ़ावा यात्रा 1992 से लगातार निकाली जा रही है। क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में नंगे पैर झंडा चढ़ावा यात्रा में शामिल हुए।

### आबकारी विभाग ने 465 पाव शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत बीते 18 अक्टूबर को कलेक्टर के निर्देशन में अवैध शराब विक्रय, संग्रहण की मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना पर वृत.आंतरिक अंतर्गत ग्राम बेरखेरी थाना नरयावली स्थित राजू यादव के रिहायशी मकान पर आकस्मिक दबिश दी गई। मकान की विधिवत तलाशी आरोपी राजू यादव पिता मूलचंद यादव की उपस्थिति में लिए जाने पर 335 पाव जिप्सी व्हिस्की तथा 130 पाव देशी मदिरा मसाला बरामद कर आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही वृत.आंतरिक प्रभारी रामाश्रय चतुर्वेदी द्वारा की गई। कार्यवाही में आरक्षक प्रमोद दुबे, राजवीर ठाकुर, शिवानी कटारिया उपस्थित रहे।

### सेन समाज की बैठक संपन्न



**खुरई, देशबन्धु।** राष्ट्रीय नई महासभा एवं सेन शक्ति महा संगठन खुरई जिला सागर की बैठक किला परिसर में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर सेन, विशेष अतिथि मनोहर पहलवान थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम सेन मासाब ने की। जिसमें संगठन के द्वारा समाज को एकजुट करने की चर्चा की। चुनाव में एक जुटता का परिचय देने निवेदन किया। इस अवसर पर सामाजिक बन्धुओं ने खुरई में नये अध्यक्ष एवं पूरी कार्यकारणी के संबंध में चर्चा की। जिसमें सर्व सम्मलित से दीपावली बाद दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें अध्यक्ष बनाना तय हुआ। कार्यक्रम में बैजनाथ सेन, आशाराम सेन, विनोद सेन, बाबूलाल सेन, दीपक सेन, संजय सेन, गनपत सेन, नीलेश सेन आदि उपस्थित थे।

### सिंधी कॉलोनी में गरबा का आयोजन

**सागर, देशबन्धु।** संत कंवर राम वार्ड स्थित सिंधी कॉलोनी में श्री झूलेलाल धर्मशाला के उद्यान में अमर शहीद हेमू कालानी समिति द्वारा तीन दिवसीय सिंधु सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का आयोजन 18 से 20 अक्टूबर तक किया जा रहा है। गरबा महोत्सव के प्रथम दिन मोतीनगर टीआई सुधीर चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में एवं समाजसेवी सुरेश मोहनानी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठ जन एवं समिति अध्यक्ष नवीन प्रथयानी, एड. रवि हसरेजा, रोहित केसवानी, श्याम जसवानी एवं महिला सदस्य उपस्थित रही। समिति के द्वारा यह कार्यक्रम पिछले 11 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। जिसमें सभी उम्र के प्रतिभागी बच्चे, युवतियां एवं महिलाये गरबा महोत्सव में देवी की उपासना भक्ति भाव एवं धूमधाम से गरबा नृत्य किया। प्रतिभागी पारंपरिक परिधान में उपस्थित हुए एवं आरती की थाली सजाकर देवी की उपासना की।

## थाना परिसर में सजा माता रानी का दरबार, भक्ति में डूबे श्रद्धालु



**बांदरी, देशबन्धु।** थाना परिसर में माता रानी का दरबार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है माता रानी के दर्शनों के लिए प्रतिदिन भक्तों के सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से लेकर पूरे दिन श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन पूजन को लेकर पंडालों के पास जाते रहे, परंतु शाम होने के साथ ही भीड़ बढ़ती गई। श्रद्धालु देर रात तक एक पंडाल से दूसरे पंडाल तक आते जाते रहे जिससे पूरी रात गुलजार रही। मां दुर्गा की रात्रि के समय आरती में जमकर श्रद्धालु झूमते नजर आये। वही पूरा शहर सड़क से लेकर पंडाल तक रंग बिरंगी लाइटों से जगमगाने लगा। इलेक्ट्रॉनिक लाइट की सजावट देखते ही बन रही थी वहीं धार्मिक आयोजन और भी भक्तिमय माहौल बना रहे है। बच्चों व महिलाओं में उत्साह देखते ही बन रहा था। पुजारी कथावाचक पं. कृष्ण शरण शास्त्री ने बताया कि सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके कथा वाचक पं. नवीन शास्त्री के मुखारविंद से की जा रही है भागवत कथा 17 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुकी है। वहीं 23 अक्टूबर को कथा का समापन किया जाएगा। नायाब सजावट व विभिन्न मंदिरों की प्रतिकृति के कारण पूजा पंडाल आकर्षण के केन्द्र बन गए है। श्रद्धालु पंडालों व मां दुर्गा समेत अन्य प्रतिमाओं की शोभा को निहारते थक नहीं रहे थे। वे आपस में अपने-अपने हिसाब से पंडालों की प्रतिमाओं व सजावट आदि का एक दूसरे से तुलना भी कर रहे थे। वही माता रानी श्रृंगार प्रतिदिन अनेक स्वरूपों में संस्कार मुड़ौतिया के द्वारा किया जा रहा है। आरती के समय भक्तिमय माहौल कुछ इस तरीके से बन जाता है की भक्त माता रानी की भक्ति में भक्ति में थिरकने पर मजबूर हो जाते हैं और माता रानी की जय कारों से पूरा थाना परिसर गूंज उठता है।

## लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत पक्ष यह है कि वह समस्त नागरिकों से समानता का व्यवहार करता है: श्री आर्य

**सागर, देशबन्धु।** मजबूत लोकतंत्र में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत पक्ष यह है कि वह समस्त नागरिकों से समानता का व्यवहार करता है। विश्व में महिलाओं को मतदान का प्रथम अधिकार सन 1893 में न्यूजीलेंड ने दिया था और सबसे बाद में सन् 2015 में सउदी अरेबिया ने दिया। लेकिन भारत के लोकतंत्र ने जाति, वर्ग, लिंग इत्यादि में भेद न करते हुए स्वतंत्रता के पश्चात से ही समान मतदान का अधिकार दिया है। लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका हमेशा से प्रशंसनीय रहीं है, क्यांकि उनके पास प्रेरणात्मक शक्ति निहित होती है। उक्त विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने गुरुवार स्वीप गतिविधियों के तहत स्थानीय टीए बटालियन में 500 युवा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाने के आयोजन में व्यक्त किये। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी पीसी शर्मा ने कहा कि विदेशों में किसी एक व्यक्ति के द्वारा मतदान न करने की घटना को बहुत बड़ी घटना माना जाता है। अत: युवाओं से अपील है कि वह अपने परिवार एवं आसपास में सक्रिय होकर निष्पक्ष होकर मतदान कराने में सहयोग करें। जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने कहा कि विश्व में अनेक ऐसे उदाहरण है, जब मात्र एक वोट से हार जीत का फैसला हुआ है।

## पुलिस ने भारी बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च



**मालथौन, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च नगर में निकाला गया। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से स्वच्छ स्वस्थ्य माहौल में संपन्न कराने, दुर्गा उत्सव के दौरान शांति एवं सुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से पुलिस के अधिकतम पुलिस बल के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में थाना एवं स्पेशल फोर्स के बल द्वारा पैदल मार्च निकाला गया। एसडीओपी खुरई एवं थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह दांगी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। उक्त फ्लैग मार्च थाना मालथौन से प्रारंभ होकर बाजार, तालाब रोड होते बस स्टैंड होते थाना में समापन हुआ इसके बाद पुलिस चौकी बेसरा, अटा, बरोदियाकलां, नोनिया चौकी क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का पुलिस बल ने भ्रमण किया। पैदल मार्च करते हुए पुलिस द्वारा आमजन से चर्चा भी की गई। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करने, नवरात्रि पर्व के दौरान कस्बा में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने, आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया। क्षेत्रवासियों को आदर्श आचार संहिता का पालन करने, मतदान निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में सहयोग हेतु भी अपील की गई।

## अष्ट शक्तियां हमें परमपिता परमात्मा को याद करने से प्राप्त होती: बीके नीलम



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्र के चलते श्रद्धालु मातारानी की भक्ति में लीन हैं। जगह-जगह मां के पंडाल लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। ग्राम मसुरहाई भैरवबाबा मंदिर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि राहतगढ़ के तत्वावधान में नवरात्रि पर देवी कथा का आध्यात्मिक रहस्य के साथ शिवशक्तियों के चैतन्य स्वरूप में कन्याओं को देवी के रूप में सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर कथावाचिका बीके नीलम बहन ने नवदुर्गा के चैतन्य दिव्य स्वरूपों का आध्यत्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि जो दुर्गुणों का नाश करें वही दुर्गा मां के रूप में है हम भक्ति कितनी भी करें लेकिन अवगुण, बुराइयां हमें उस भक्ति की शक्ति से वंचित कर देती हैं। हमें अपने जीवन में देवियों के समान गुण धारण करना है। स्वयं का चिंतन कर अपने दुर्गुणों को खत्म करना है। ज्ञान रूपी शस्त्रों से विकारों और दुर्गुणों का नाश कर और शिव परमात्मा को याद कर गुणवान और पूजन योग्य बनना हैं। साथ ही मेडिटेशन अभ्यास के बाद अंबे मां की आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सोनू यादव, नरेश यादव, प्रकाश यादव, सुरेश विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, बीके आरती बहन, सुशीला बहन, सुरभि बहन, तारा बहन और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## डीएबी खाद बोरी पर प्रधानमंत्री मोदी की फोटो एवं वक्तव्य छापना आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन: राजकुमार पचौरी




**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को सागर के माल गोदाम आई खाद की रैक में लगभग 26 हजार बोरियों पर भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर और उनके वक्तव्य को छापा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है और आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। इन बोरियों पर फोटो एवं वक्तव्य पर रंग पोता जाये अन्यथा यह वोटरों को प्रभावित कर सकता है। प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने कहा कि बोरियों पर फोटो छापकर स्वयं का प्रचार सरकारी खर्चे से कराना आचार संहिता का उल्लंघन है, इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराए जाये।

## खाद वितरण में आचार संहिता का सरेआम उल्लंघन: सिन्टू कटारे



**सागर, देशबन्धु।** शहर सेवादल और ग्रामीण सेवादल परिवार ने सागर रेलवे मालगोदाम पर खाद डीएपी की बोरियों पर प्रधानमंत्री की तस्वीर होने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जैसा कि प्रदेश में आचार संहिता लागू है और यह खाद रेल मार्ग से 21 रेकों में 26816 बोरी जो गुजरात राज्य से मप्र में किसानों को वितरित करने आयी है। ग्रामीण और शहर सेवादल अध्यक्ष ने इस मामले से कलेक्टर दीपक आर्य और एड. कलेक्टर सपना त्रिपाठी को अवगत कराया और कहा कि यह किसानों को प्रलोभन देने और मतदान प्रभावित करने का मामला है और यह आचार संहिता के उल्लघंन मामला बनता है, सेवादल परिवार ने जल्द से जल्द उचित कार्यवाही करने और निष्पक्ष एवं बिना प्रलोभन के चुनाव करने की मांग की। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि तस्वीर वाली एक भी बोरी यहां से वितरित करने नहीं जायेगी चाहे हमे दिन रात यहां बैठकर शांतिपूर्ण धरना देना पड़े। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र सिंह पहुंचे और मामला संज्ञान लेने के बाद उन्होंने बोरियों पर छपी तस्वीर और नाम पर रंग पुतवाकर मामले को शांत किया। विरोधकर्ताओं में ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव, शहर सेवादल अध्यक्ष सिन्टू कटारे, वरिष्ठ कांग्रेसी रिंकू केसरवानी, आनंद हैला, नितिन पचौरी, जाहिद ठेकेदार, अंकुर यादव, शीनू वाल्मीकि, छोटू वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**बीना, देशबन्धु।** ग्राम भानगढ़ में स्वीप प्लान के अंतर्गत जागरूक देश की एक ही पहचान शत प्रतिशत हो मतदान के संदेश के साथ बीना जनपद पंचायत सीईओ ऋतु जैन के निर्देशन तथा रिसर्च एसोसिएट आशय जैन के निर्देश पर शास. उच्च. माध्य. विद्यालय भानगढ़ में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बीना, खुरई और मालथौन के जनसेवा मित्रो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और मानव श्रंखला का निर्माण किया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भारत कुर्मी द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ एवं मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं से विधानसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। मानव श्रृंखला के साथ मतदान करने और अपने परिवार के सभी सदस्यों का वोट करवाने की शपथ ली गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस दौरान बीना ब्लॉक के साथ-साथ खुरई और मालथोन ब्लॉक के जनसेवा मित्र उपस्थित रहे।

## शहरी क्षेत्र में नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध की कार्यवाही




**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन अमले के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार जिन वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट एवं नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गये है। उक्त निर्देश के पालन में तिली चौराहा, राजघाट रोड एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 75 वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से 38 वाहनों में वाहन से संबंधित दस्तावेज, मौके पर नही पाये गये एवं अन्य कमियां पाये जाने पर उक्त 38 वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर 25,500 रुपए जुर्माना वसूल कर छोड़ा गया। इसी क्रम में एक बुलेरो टैक्सी वाहन बिना परमिट संचालित पाई गई जिसे जप्तकर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया।

## महिला महाअधिवेशन में शामिल हुई सागर संभाग की टीम



**सागर, देशबन्धु।** आगरा में मुनि पुंगव श्री सुधासागर के मंगल सानिध्य में आयोजित महिला महाधिवेशन में संपूर्ण भारतवर्ष के समस्त प्रांतों के शहरों से आयी महिलाओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली एवं अपने अपने बैनर प्रजेंटेशन में जोरदार प्रस्तुति दी। संभागीय सचिव रेखा जैन ने बताया की महिला महाअधिवेशन में सात हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई। सागर संभाग अध्यक्ष संध्या सिघई, कोषाध्यक्ष शोभना, महिला प्रकोष्ठ रीता मोदी, युवा प्रकोष्ठ शिल्पा, रचना अलका बिलहरा, सुषमा आदि सहित सागर से 106 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

## मातारानी को 151 मीटर चुनरी चढ़ाई



**मालथौन, देशबन्धु।** पिछले बर्ष की भांति इस शारदीय नवरात्रि पर विशाल चुनरी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। शक्तिपीठ में विराजमान अद्भुत स्वरूप मातारानी को भक्तों ने 151 मीटर लंबी चुनरी चढ़ाई। माता की चुनरी यात्रा में भक्तो का विशाल जनसैलाब उमड़ा। चुनरी यात्रा का शुभारंभ किला प्रांगण से हुआ ढोल ढमाकों के साथ जो बाजार, हनुमान मंदिर बस स्टैण्ड होती हुई तालाब मंदिर पहुचीं पूजन अर्चन कर वापिस यात्रा कारसदेव पुराना बाजार से किला शक्तिपीठ पहुंची। वहां मातारानी को 151 लंबी चुनरी भक्तों ने विधिवत चढ़ाई। इसके उपरांत महाकाली की भव्य महाआरती संपन्न हुई। चुनरी यात्रा में कुछ झलकियां इस तरह थी आगे ईश्वरी ब्रह्मकुमारी द्वारा सजीव दुर्गाजी की झांकी रथ में चल रही थी। इसके पीछे माताएं बहिने कलश लेकर चल रही थी इसके पीछे 151 लंबी मीटर चुनरी लेकर जिसमे सैकड़ो लोग हाथों में लेकर चल रहे थे। भक्तगण जय माता दी के जयकारे लगा रहे थे। इस अवसर पर चुनरी यात्रा में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अशोक सिंह बामोरा, जयंत सिंह बुन्देला, नीलकमल सिंह राजपूत सहित हजारों श्रृद्धालु शामिल हुए।



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिदेशक सागर रेंज, सीमांत पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस महाअधीक्षक शहर और नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना मोतीनगर पुलिस स्टाफ द्वारा बगैर नंबर एवं तीन सवारी दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध आकस्मिक चेकिंग लगाकर 16 वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

# परिवार में सभी को अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना चाहिए: डॉ. शरद सिंह



**सागर, देशबन्धु।** प्रगतिशील लेखक संघ सागर इकाई द्वारा पुस्तक विमोचन समारोह आयोजित हुआ। मंचासीन अतिथियों, आयोजकों एवं श्यामलम् अध्यक्ष उमाकांत मिश्र, सुधीर श्रीवास्तव ने रचनाकार आराधना खरे द्वारा रचित द्वय पुस्तकों काव्य संग्रह काव्य रश्मि एवं कहानी संग्रह जीवन एक रंग अनेक का विमोचन किया। इसके उपरांत आयोजक संस्था एवं अतिथियों द्वारा रचनाकार आराधना खरे को शॉल श्रीफल सम्मान पत्र भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। अपने लेखकीय वक्तव्य में आराधना खरे ने बताया कि सूर्य की किरणों में समाये सातों इन्द्रधनुषी रंगों के सदृश्य जिन्दगी अगणित विचित्र रंगों से भरी हुई है, मेरे मन-मस्तिष्क के भावों को जब जिस भाव, स्थिति और व्यक्ति ने प्रभावित किया, मैंने उसे ही कलम की स्याही से कागज की सपाट छाती पर शब्दों में पिरोने का प्रयास करते हुए आप सभी साहित्यानुरागियों के सामने प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ. छाया चौकसे ने समीक्षात्मक वक्तव्य देते हुए कहा कि आराधना खरे की कविताओं में उनके कोमल, सरल, सहज स्वभाव सहनशील व्यक्तित्व की छाप स्पष्ट झलकती है। कला समीक्षक डॉ. कविता शुक्ला ने कहा कि आराधना खरे का रचना संसार इंगित करता है कि उनकी कविताओं के भावों की अभिव्यक्ति से हम यह कह सकते हैं कि वे सहज जीवनानुभूति और घर परिवार से आगे बढ़ती समाज और नारी विमर्श की लेखिका बनने की सम्पूर्ण सम्भावनाऐं रखती हैं। साहित्यकार समालोचक पीआर मलैया ने आराधना खरे की कहानियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि केवल एक कहानी का प्रवक्ता पुरुष है, शेष सभी कहानियों की प्रवक्ता स्त्री है और इन सब कहानियों में दैनंदिन जीवन का स्त्री विमर्श है, स्त्री मनोविज्ञान की दृष्टि से सभी कहानियां अच्छी हैं। मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. शरद सिंह ने कहा कि परिवार में सभी को अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना चाहिए, तब ही सभी में समर्पण की भावना जागृत हो सकती है, आराधना जी की रचनाओं में घर का जिस तरह मानवीयकरण करते हुए एक बालक की आकांक्षाओं का चित्रण किया है वह अद्भुत है। प्रलेस के महासचिव एड. पेट्रिस फुसकेले ने रचनाकार आराधना खरे के अभिनंदन पत्र का वाचन किया। डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने संचालन करते हुए अनेक नई नई जानकारियां दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में टीकाराम त्रिपाठी ने आराधना खरे के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्यिक जगत की चर्चा की और नये रचनाकारों को परामर्श दिया कि वे रचना लिखने से पहले इस तथ्य का अभिज्ञान कर लें कि जो साहित्य में अछूते विषय हैं उन पर अपने प्रतीकों और बिंबों के माध्यम से नये आयाम रचें। अंत में प्रलेस इकाई सागर के सहसचिव डॉ. एमके खरे ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

## सार समाचार

### आजाद समाज पार्टी से लड़ेंगे मनोज यादव



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनावी दौर में छतरपुर जिले की सियासत में आजाद पार्टी कांशीराम ने एंटी मार ली है। आजाद समाज पार्टी ने छतरपुर जिले के बड़ामलहरा के लिए अपने प्रत्यशी की घोषणा कर दी है जिसमे भाजपा से बागी युवा नेता मनोज यादव के नाम पर मुहर लगा दी है। मनोज यादव पूर्व में भाजपा की टिकट पर नगर परिषद का चुनाव भी लड़ चुके है साथ ही पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी से फार्म भर दिया था लेकिन भाजपा के समर्थन में चुनाव नही लडा था। इस बार उनके चुनावी मैदान में आ जाने से क्षेत्रीय प्रत्याशी की मांग को पूरा करने की कोशिश पूरी कर सकते है।साथ ही बड़ामलहरा चुनावी मैदान में भाजपा, कांग्रेस, आप और आजाद समाज पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशी मैदान में उतार कर चुनावी संग्राम में शंखनाद शुरू कर दिया है।

### एसडीओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, स्थिति का लिया जायजा

**ईशानगर, देशबन्धु।** चुनाव निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर के निर्देशन में एसडीओपी ने बिजावर विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एसडीओपी शांशक जैन ने किया निरीक्षण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईशानगर सहित बोड़ा,नन्नी बंधी,कटारे का पुरवा,पठादा,सीगोंन,रामपुर,बिहाटा,कुर्रा मतदान केंद्रों सहित अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीओपी ने कहा कि मतदान केंद्र पर मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी बिजावर शांशक जैन थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा व पुलिस स्टाफ आदि उपस्थित थे।

### रितु उपाध्याय एवं एसआई भूपेंद्र अहिरवार के खिलाफ अदालत में मामला दर्ज

**छतरपुर, देशबन्धु।** एडवोकेट बृजेश बिल्थरे बकस्वाहा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया वर्ष 2018 के दिसम्बर माह में बाजना थाना पुलिस द्वारा मारपीट करने की घटना से दुखी होकर जब पीड़ित ने वरिष्ठ अधिकारी के समक्ष शिकायत की और वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दोषी पुलिसकर्मियों पर कोई कार्यवाही नही की तो पीड़ित द्वारा न्यायालय की शरण मे जाकर परिवाद पेश कर दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई।

## बिजावर सीट पर कांग्रेस पर बगावत का सिलसिला जारी

# राजेश शर्मा और राजेश पायक ने जताई पार्टी के फैसले पर नाराजगी

- चरण सिंह को टिकिट दिए जाने से नाराज हैं कांग्रेसी नेता







**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले की बिजावर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के भीतर बगावत का सिलसिला लगातार जारी है। कांग्रेस ने यहां 15 अक्टूबर को पार्टी प्रत्याशी के रूप में यूपी के नेता चरण सिंह यादव का नाम घोषित कर दिया है। इसी बात से नाराज टिकिट की दावेदारी कर रहे अन्य नेताओं ने विरोध के सुर ऊंचे कर दिए हैं। गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र के दो कांग्रेसी नेताओं ने अपने वीडियो जारी कर पार्टी के इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्दलीय चुनाव लडने् अथवा पार्टी के खिलाफ अन्य प्रत्याशी को समर्थन देने के संकेत दिए हैं।

कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा सटई के द्वारा पहले ही पार्टी को अपना इस्तीफा भेज दिया गया था। अब उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए कहा है कि वे पार्टी के इस फैसले से दुखी हैं तथा वे कांग्रेस का साथ नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमारे सामने कुआं और खाई की स्थिति निर्मित कर दी है। हम न भाजपा का साथ दे सकते हैं और न ही कांग्रेस के प्रत्याशी चरण सिंह का साथ दे सकते हैं। ऐसे में हमें कोई नया विकल्प देखना होगा। राजेश शर्मा ने कहा कि इस संबंध में निर्णय लेने के लिए हम अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे इसलिए 20 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे सटई में एक बैठक का आयोजन किया गया है। इस बैठक में राजेश शर्मा अपने समर्थकों से रायशुमारी करने के बाद कोई फैसला लेने की बात कह रहे हैं।

**राजेश पायक लड़ सकते हैं निर्दलीय चुनाव :** इसी सीट पर कांग्रेस की टिकिट का दावा कर रहे राजेश पायक भी खुलकर मैदान में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि पार्टी ने एक बाहरी व्यक्त को टिकिट दे दिया है इसलिए अब कांग्रेस के साथ काम करना संभव नहीं है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा कि वे 21 अक्टूबर को शाम 6 बजे अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में निर्णय लेंगे कि आगे क्या करना है।

**केशुराजा भी कर चुके हैं समर्थकों की बैठक, लड़ सकते हैं चुनाव :** उल्लेखनीय है कि इन दोनों नेताओं के अलावा बिजावर क्षेत्र के एक युवा कांग्रेस नेता भुवन विक्रम सिंह केशुराजा भी बगावत का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने भी पिछले दिनों अपने समर्थकों के साथ बैठक करते हुए ऐलान किया था कि वे समर्थकों के आदेश का पालन करेंगे। इस बैठक में उनके समर्थकों ने कहा है कि केशुराजा को चुनाव लडना़ चाहिए। वे इस सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं।

## वाहन ने मारी युवक को टक्कर, इलाज के दौरान मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कांटी के रहने वाले युवक को बीती रात रूद्राक्ष होटल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लेकिन हालत ज्यादा खराब होने के चलते डॉक्टरों ने उसे ग्वालियर रिफर कर दिया जहां रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार कांटी का रहने वाला 20 वर्षीय अजय अहिरवार छतरपुर के अंबेडकर नगर में रहकर बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। बीती रात रूद्राक्ष होटल के पास से वह पैदल आ रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों से उसे ग्वालियर रिफर कर दिया लेकिन युवक ने ग्वालियर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। गुरूवार की सुबह युवक का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी चालक ने साईकिल सवार नाबालिग को मारी टक्कर, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत ग्राम मौराहा का रहने वाले किशोर साईकिल से अपने घर जा रहा था तभी स्कूटी चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक बाबूलाल कुशवाहा सुबह के समय साईकिल से अपने घर जा रहा था तभी स्कूटी चालक ने उसकी साईकिल में टक्कर मार दी जिससे नाबालिग जमीन पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि नाबालिग के सिर में गंभीर चोट आयी है। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है।

## मानव श्रंखला बनाकर कराए लोगों के हस्ताक्षर

# 3 सौ मीटर लंबे बैनर पर हस्ताक्षर कर लोगों ने लिया मतदान का संकल्प



**छतरपुर, देशबन्धु।** मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गुरूवार को छतरपुर जिला प्रशासन के द्वारा स्वीप अभियान के अंतर्गत एक अनूठी पहल की गई। छत्रसाल चौक से आकाशवाणी तिराहे तक लगभग 300 मीटर लंबे एक बैनर के साथ मानव श्रंखला बनाई गई और फिर इस बैनर पर लोगों ने हस्ताक्षर करते हुए मतदान करने का संकल्प लिया।

छत्रसाल चौक पर इस पहल के दौरान जिला पंचायत की सीईओ तपस्या सिंह परिहार, एसडीएम बलवीर रमण, तहसीलदार रंजना यादव, महिला बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

सभी ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने कहा कि आज नगर पालिका के द्वारा चलाए गए इस हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत हमने लोगों से अपील की है कि वे बगैर भय, लोभ और लालच के निष्पक्ष रूप से मतदान करें।

## विस चुनाव के मद्देनजर पुलिस की सख्ती



**हरपालपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक छतरपुर,अमित सांघी के निर्देशन में एसडीओपी नौगॉव चंचलेश मरकाम ब थाना प्रभारी हरपालपुर राकेश साहू, ब अलीपुरा थाना प्रभारी डी डी साक्य ब पुलिस बल के साथ राठ रोड बार्डर पर सघन चैकिंग लगाकर बाहनो की चैकिंग की साथ ही एस डीओ पी चंचलेश मरकार ने बॉर्डर पर लगाये गए सी सी टी बी कैमरों की जांच ब बॉर्डर पर तैनात पुलिस बल के जबानों की खाने पीने ब रुकने के लिए लगाया गया टेन्ट की ब्यबस्था को भी देखा और उन्होंने कहा गुंडों बदमाशों के ऊपर सख्ती से निगाह रखने के आदेश दिए।

## अबार माता मंदिर में लगा तांता, दूर-दराज से नवरात्रि पर आते हैं श्रद्धालु



**रामटौरिया, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय छतरपुर से 90 किलोमीटर दूर स्थित माता अबार के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अपनी-अपनी मनोकामनाएं लेकर श्रद्धालु पहुंच रहे, जिसमें कोई नंगे पैर पैदल जा रहा, तो कोई दंड भरकर मंदिर में हाजिरी दे रहा है। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। कतार में लगकर श्रद्धालुओं ने बुधवार को जल चढ़ाया।

गौरतलब है कि अबार माता मंदिर पहुंचने के लिए तीन रास्ते है। रास्ता टीकमगढ़ घुवारा से रामटोरिया होते हुए, दूसरा रास्ता सागर शाहगढ़ से होते हुए और तीसरा रास्ता उत्तरप्रदेश ललितपुर के गिरार होते हुए है। हालांकि घुवारा से रामटोरिया होते हुए यह रास्ता अच्छा है। इसलिए श्रद्धालु यहीं से मंदिर के लिए जाते है। पहाड़ की चट्टान पर मंदिर बना हुआ है। मंदिर में चढ़ाने के लिए प्रसाद, मां की चुनरी सहित खान पान के लिए स्वल्पहार और खाने की दुकानें भी लगी हुईं हैं।

**दक्षुओं द्वारा स्थापित किया गया है मंदिर :** बुजुर्ग बताते हैं कि क्षेत्रीय दक्षुओं द्वारा मंदिर स्थापित किया गया था। कहा जाता है कि लोधी सामुदायिक लोगों की कुलदेवी आराध्य है। जैसे ही मातारानी के दर्शन करके आप घूमेंगे, तो मंदिर के चारों ओर कई पत्थर की गुफाएं है। करीब 50 फुट की ऊंचाई चट्टान पर एक छोटा माता रानी का मंदिर है, एक-दूसरी चट्टान का संपर्क न होने के कारण चट्टान वाले मंदिर पर दर्शन करने के लिए नहीं पहुंच पाते हैं बल्कि माता रानी के दर्शन नीचे खड़े होकर ही करने पड़ते हैं परिक्रमा कर ग्राउंड में लोधेश्वर भगवान मंदिर भैरव बाबा मंदिर भोलेनाथ पार्वती मंदिर राधा कृष्ण मंदिर ऐसे अनेक देवी देवता विराजमान है और परिक्रमा कर सभी एक-दूसरे मंदिर पहुंचा जा सकता है। और दर्शन प्राप्त हो सकते हैं।

यहां पर प्रत्येक वैशाख माह में 15 दिवस का विशाल मेला लगता है। मंदिर प्रागंण में प्रवेश उपरांत 111 सीढियां चढने् के बाद ही आप माता रानी मंदिर में प्रवेश कर जाएंगे। मंदिर में प्रवेश करने के बाद ही परिक्रमा शुरु हो जाएगी, जहां पर परिक्रमा करते-करते मंदिर मिलेंगे। इसमें परिक्रमा करते हुए अबार माता के दर्शन होंगे। नवरात्र पर्व पर मातारानी के भव्य झांकी भी सजी हुई है।

## डीसेंट इंग्लिश स्कूल में हुआ रामलीला का रंगारंग मंचन

**छतरपुर, देशबन्धु।** नवरात्र के पावन सप्ताह में डीसेंट इंग्लिश स्कूल में बच्चों के द्वारा रामलीला मंचन का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका श्रद्धा नगाइच ने साक्षी गुप्ता व कला अध्यापिका श्वेता रावत व अन्य शिक्षकों के सहयोग से स्कूल के बच्चों के मध्य रामलीला मंचन का कार्यक्रम आयोजित करवाया। इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे रामायण के विभिन्न चरित्रों के वेशभूषा में स्कूल आए और राम वनवास से रावण वध तक की रामलीला का सफल मंचन किया। बच्चे विभिन्न वेशभूषाओं में प्रभावशाली अभिनय कर रहे थे। इस कार्यक्रम में प्रदीप त्रिपाठी, अनामिका चौरसिया, दिनेश श्रीवास, मधु अग्रवाल, महक अग्रवाल, रचना शर्मा, सुश्री वैशाली, रोशनी व खुशी आदि शिक्षकों ने सभी बच्चों के मेकअप और मंचन में सहायता दी। कार्यक्रम के अंत में राम दरबार का स्कूल के प्रबंधक अशोक दुबे व प्राचार्या मयूरी दुबे, उप प्राचार्य राजीव जैन व अन्य स्टाफ ने विधिवत पूजन अर्चन किया। बच्चों को इस मौके पर दशहरे का महत्व बताया गया और राम जी के आदर्शों का वर्णन किया गया।

## कुलाधिपति की उपस्थिति में एनएसएस श्री कृष्णा विवि में अमृत कलश यात्रा




**छतरपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना श्री कृष्णा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित मेरी माटी मेरा देश, अमृत कलश यात्रा एवं स्वच्छ भारत युवा संवाद, भारत 2047 के हेतु आयोजित कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम के नेतृत्व में एवं सभी स्वयंसेवकों ने भव्यता से कलश यात्रा निकाली विश्वविधालय के कुलाधिपति ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित कार्यक्रम की उन्होंने खूब प्रशंसा की और बड़े प्रसन्न मनोभाव से स्वयंसेवकों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए एवं छायाचित्र भी लिए।

इस कलश यात्रा के मौके पर श्री कृष्णा विश्वविधालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम विश्वविधालय के कुलसचिव विजय सिंह, शोध प्रकोष्ठ विभाग के सलाहकार डॉ. बीएस राजपूत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी इकाई एक (पुरुष) से डॉ. महेश चंद्र अहिरवार, फार्मेसी विभाग से सह प्राध्यापक दीपेंद्र सिंह बुंदेला ,सह प्राध्यापक राममिलन विश्वकर्मा एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक आकाश गौतम एवं रजनीश रावत सहित, मानस निगम, कृष्णा, रजनीश पाण्डेय, निहारिका, अनुष्का, श्रष्टि, निर्मला, रूपांजलि, निकिता, स्नेहा, ऋतु, प्रांजल, ईशा, अनिल, विवेक, संजना सहित 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## हर वर्ग के उत्थान के लिए है कांग्रेस के वचन



- आलोक चतुर्वेदी ने शहर और गांव में किया जनसंपर्क

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के द्वारा निरंतर अपने क्षेत्र में जनसंपर्क के माध्यम से आम जनता तक कांग्रेस के द्वारा लाए गए घोषणा पत्र के वचन को पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बीते रोज छतरपुर शहर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12, लक्ष्मनपुरा, पुरवा, सुकवां, टपरियन, कूंढ़ का दौरा कर जनता तक कांग्रेस के वचन पहुंचाए।

इस मौके पर विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस का वचन पत्र प्रदेश की जनता को एक कल्याणकारी सरकार देने का ऐलान है। इस वचन पत्र में किसानों, मजदूरों, महिलाओं, पुरूषों सहित गरीबों, व्यापारियों का ख्याल रखा गया है। यह वचन पत्र शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रदेश के उत्थान की बात करता है। वचन पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने वादा किया है कि प्रदेश के सभी किसानों का जय किसान ऋण माफी योजना के तहत 2 लाख रूपए तक का कर्ज माफ होगा, नारी सम्मान निधि योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपए दिए जाएंगे। घरेलू गैस सिलेण्डर 500 रूपए का मिलेगा। 100 यूनिट तक की बिजली माफ होगी और 200 यूनिट तक की बिजली आधी दरों पर मिलेगी। प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना को लागू भी कराया जाएगा। विधायक आलोक चतुर्वेदी ने जनता से अपील की है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएं ताकि प्रदेश और छतरपुर में विकास की एक नई इबारत लिखी जा सके।

## खिलाड़ियों को अतिथियों ने किया पुरस्कृत

# संभागीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में सागर बना विजेता

*छतरपुर, देशबन्धु। महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन प्रति कुलपति डॉ.डीपी.शुक्ला के मुख्य आतिथ्य एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राणीशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.एचएन.खरे एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डा.आरके पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही।*

*संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के प्रारंभ मे मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। खेल संचालक डा बीपी सिंह गौर ने अपने स्वागत भाषण में सभी अतिथियों खिलाडियों और दर्शकों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में खिलाडियों को जीत की शुभकामनाएं दीं, खेल ध्वज फहराया और सभी छह जिलों के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह का संचालन डा.एसपी जैन ने किया।*

*संभागीय कबड्डी प्रतियोगिता के प्रारंभ में बुधवार को पहला मैच निवाड़ी व पन्ना जिले के बीच खेला गया,जिसमें निबाड़ी की टीम को एकतरफा मुकाबले में हराकर पन्ना टीम ने पहला मुकाबला जीता। दूसरा मैच दमोह व टीकमगढ जिले के बीच*



*हुआ जिसमें टीकमगढ की टीम को दमोह ने हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। तीसरा मैच पन्ना व गतवर्ष की उपविजेता छतरपुर टीम के बीच हुआ, जिसमें छतरपुर की टीम ने एकतरफा मुकाबले में पन्ना को पराजित कर फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। टूर्नामेंट का चौथा मैच गतवर्ष की विजेता सागर तथा दमोह के बीच खेला गया, जिसमें सागर ने दमोह को एकतरफा हराकर फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। फाइनल मैच गतवर्ष की उपविजेता छतरपुर व गतवर्ष की विजेता सागर के बीच खेला गया। जहां सागर जिले की अनुजा गर्ग,मुस्कान विश्वकर्मा,रूबी मंसूरी, शिवानी लोधी के शानदार खेल की बदौलत विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के दौरान एमसीबीयू की टीम का चयन, चयन समिति द्वारा किया गया। अब चयनित टीम राज्यस्तर तथा पश्चिम क्षेत्रीय अंतरविश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी।*

*खेल प्रतियोगिता का समापन समारोह डीसीडीसी डॉ. ओपी.अरजरिया के मुख्य आतिथ्य तथा कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ.जेपी.शाक्य के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में बेस्ट कैचर का खिताब छतरपुर की सुषमा पटेल व बेस्ट रेडर का खिताब सागर की रूबी मंसूरी को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा प्रभारी तथा प्रतियोगिता के संगठन सचिव डॉ.एसके.छारी ने किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन सुदीप पाण्डेय, क्रीडा अधिकारी ने प्रस्तुत किया।*

*यह खेल प्रतियोगिता कुलपति प्रो. शुभा तिवारी के संरक्षण तथा खेल संचालक डॉ.बी.पी.एस.गौर व क्रीडा प्रभारी डॉ. एसके.छारी, क्रीड़ाधिकारीद्वय डॉ.अरविन्द महलोनियॉ एवं सुदीप पाण्डेय के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में महिला टीम की कबड्डी प्रभारी डॉ.कल्पना वैश्य का खास योगदान रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नीरज पटेल,कृष्णा विश्वविद्यालय, उमेश यादव, सन्मति विद्या मंदिर एवं हरिशंकर यादव उपस्थित रहे।*

सागर, शुक्रवार 20 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# ईडी की शक्ति के स्पष्टीकरण से भाजपा को झटका

दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा दिये गये एक अहम फैसले से केन्द्र द्वारा किये जा रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग की कोशिशों को झटका लग सकता है। पिछले 9 साल से अधिक समय से जिस प्रकार मोदी सरकार ईडी का इस्तेमाल अपने राजनैतिक विरोधियों के लिये कर रही है, वह सम्भवत: दिल्ली हाईकोर्ट के इस फैसले से रुक सकता है। ईडी की शक्तियों के स्पष्टीकरण के बाबत दिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक तो है ही, इसलिये भी दूरगामी हो सकता है क्योंकि इससे भारतीय जनता पार्टी सरकार की मनमानी पर अंकुश लग सकता है। जिस तरह से ईडी, आयकर एवं सीबीआई की शक्तियों का इस्तेमाल केन्द्र सरकार कर रही है, उससे ज्यादातर विरोधी दलों के नेता, वैचारिक विरोधी आदि परेशान हैं, उनके लिये भी यह राहत की बात होगी।

आशीष मित्तल नामक व्यक्ति द्वारा एडुकॉम्प मामले में प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के गुरुवार को दिये फैसले में स्पष्ट किया गया कि 'धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की शक्ति में उस व्यक्ति की गिरफ्तारी की शक्ति शामिल नहीं है।' हालांकि अदालत ने 2020 में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआईआर रद्द करने की मांग करने वाली आशीष मित्तल नामक व्यक्ति की याचिका खारिज कर दी पर यह महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की। मित्तल को 21 अगस्त को ईडी के समक्ष पेश होने का सम्मन जारी किया गया था। उन्हें आशंका थी कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया जाएगा या गिरफ्तार किया जाएगा अथवा बलि का बकरा बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें ईसीआईआर की कॉपी नहीं दी गई थी।

जस्टिस अनूप भंभानी ने कहा कि 'गिरफ्तारी की शक्ति पीएमएलए की धारा 50 में स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है, जो ईडी अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, बशर्ते कि वे उसमें उल्लिखित शर्तों को पूरा करते हों।' अदालत ने साफ किया कि 'पीएमएलए की धारा 50 के तहत किसी व्यक्ति को सम्मन जारी करने और दस्तावेजों के उत्पादन और बयान दर्ज करने की आवश्यकता की शक्ति, जो सिविल अदालत की शक्तियों के समान है, किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने की धारा 19 के तहत शक्ति से अलग है।' फैसले में आगे कहा गया- 'हालांकि पीएमएलए की धारा 19 ईडी के नामित अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार देती है, जो उस प्रावधान में उल्लिखित शर्तों को पूरा करने के अधीन है, लेकिन यह स्पष्ट है कि गिरफ्तारी की शक्ति धारा 50 में नहीं है और न ही पीएमएलए की धारा 50 के तहत जारी किए गए सम्मन का स्वाभाविक परिणाम का कोई मतलब है।'

जस्टिस भंभानी ने कहा कि पीएमएलए की धारा 19 और 50 दो अलग और विशिष्ट प्रावधान हैं और एक के तहत शक्तियों के प्रयोग को इस आशंका पर नहीं रोका जा सकता है कि इससे दूसरे के तहत शक्तियों का प्रयोग हो सकता है। अदालत ने कहा, 'अगर इसकी अनुमति दी जाती है तो पीएमएलए की धारा 50 के तहत दस्तावेज पेश करने या शपथ पर बयान देने के लिए बुलाया गया कोई भी व्यक्ति, केवल यह आशंका व्यक्त करते हुए ऐसे समन का विरोध कर सकता है कि उसे ईडी के हाथों पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तारी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति वैधानिक प्रावधान के विरूद्ध होगी।'

जस्टिस भंभानी ने इस फैसले में ईडी की शक्तियों के मनमाने दुरुपयोग पर विस्तार से व्याख्या की है। इस फैसले का न्यायिक क्षेत्र में तो असर पड़ेगा ही, वर्तमान सियासी माहौल पर भी सकारात्मक प्रभाव होगा। न्यायिक क्षेत्र में इसलिये कि इसके जरिये ईडी की शक्तियों को लेकर स्पष्टता आयेगी। फिलहाल जिन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाकर मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह शक्तिशाली हो गये हैं, उस पर अंकुश लगेगा। अनेक विरोधी दलों के नेताओं एवं समर्थकों पर जिस तरह से ईडी के जरिये भाजपा सरकार निरंकुश हुई है, उस पर भी रोक लगने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार के तीन मंत्री जहां ईडी मामलों में जेलों में हैं वहीं छत्तीसगढ़ में कई सरकार (कांग्रेस) समर्थकों को भी न्यायिक हिरासतों में भेजा गया है। विरोधी दलों की अनेक राज्य सरकारों को भी गिराने में ईडी सहित केन्द्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग होता आया है। कई नेताओं ने तो इन एजेंसियों से बचने के लिये ही भाजपा की पनाह ली है। महाराष्ट्र का मामला सामने है जिसमें उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने दो बार शिवसेना (शिंदे) एवं भाजपा की संयुक्त सरकार में शामिल होकर अपने व अपनी पत्नी के खिलाफ लगे भ्रष्टाचार के तमाम आरोपों से मुक्ति पा ली। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो सुश्री मायावती के लिए भी कहा जाता है कि वे इसलिये भाजपा के खिलाफ नहीं जाती क्योंकि इससे वे जांच में फंस सकती हैं। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि में भी विरोधी दलों के नेताओं के यहां केन्द्रीय जांच एजेंसियों की धमक होती रहती है। जिस 'ऑपरेशन लोटस' की बात भाजपा या राजनैतिक गलियारों में होती है वह मूलत: ईडी, सीबीआई, आईटी के जरिये दलबदल कराने का ही नाम है। इनका जितना दुरुपयोग भाजपा के इन 9 वर्षों में हुआ है उतना आजाद भारत में कभी नहीं हुआ।

उम्मीद है कि जिस प्रकार से न्यायपालिका ने ईडी के अंतर्गत गिरफ्तारी के एक पहलू के बाबत स्पष्टता लाई है वैसे ही इन एजेंसियों के काम-काज के बारे में और भी स्पष्टता लाई जानी चाहिये। इसके बावजूद अगर सरकार दुरुपयोग से बाज न आये तो कोर्ट अपनी शक्ति दिखलाएं।

# हो टुकड़े-टुकड़े टूट चुकी मानवता

हैरानी और दुख की बात है कि अभी अस्सी साल भी नहीं बीते कि हिटलर के अत्याचार से पीड़ित एक कौम जो दर्द और मौत के समंदर में डूब रही थी, आज किसी दूसरी कौम को बेघर और बर्बाद करने पर तुल गई है। पूरी दुनिया यहूदियों के जिस दर्द को खुद के सीने में महसूस कर रही थी, अब वही यहूदी इस दर्द को महसूस करने से इंकार करते हैं। यकीन करना मुश्किल है कि वे यहूदी जिनका एक समय अपना कोई मुल्क नहीं था, आज लोगों को उनकी ज़मीन से बेदखल करने में जुटे मालूम होते हैं। उन्होंने उत्तरी ग़ाज़ा के लोगों से कह दिया है कि तुम अपने घर छोड़ दो, फिर हम वहां बमबारी करेंगे। इससे पहले कि जगह खाली होती, एक अस्पताल पर मिसाइल दाग़ दी गई। घायलों और बीमारों को इलाज के बजाय मौत मिली। वहां के घायलों को अब दूसरे अस्पतालों में ले जाया जा रहा है। कोई भरोसा नहीं कि फिर वहां बम न बरसे।

बढ़-चढ़कर दावे करने वाले दोनों पक्ष यानी हमास और इज़राइल अब एक दूसरे पर इलज़ाम लगा रहे हैं कि यह जघन्य हरकत उनकी नहीं है। बताया जाता है कि पहले एक ट्वीट में इस हमले की ज़िम्मेदारी इज़राइली सेना ने ली थी फिर ट्वीट को डिलीट कर दिया गया। दोनों ओर से बच्चों की दहला देने वाली तस्वीरें जारी की जा रही हैं। अस्पताल पर हमला सबसे बड़े युद्ध अपराध बतौर देखा जाता है। दुनिया के आक़ा माने जाने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इज़राइल पहुंचकर अपने बयान में कह दिया है कि यह दूसरी टीम का काम है, जैसे ये इंसानी जिंदगियों की बात नहीं बल्कि बास्केटबॉल का कोई मैच हो। एक तरफ़ वे कहते हैं कि ग़ाज़ा के नागरिकों को राहत सामग्री पहुंचाई जाए और फिर यह भी कि हमास का यह हमला अमेरिका पर हुए 9/11 के हमले से भी बड़ा हमला है।

हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया जिसमे पांच सौ से ज़्यादा इज़राइलियों की जानें गईं, जिनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। कई मासूम नागरिकों को बंधक बना लिया गया। पूरी दुनिया हमास के इस खूनी हमले से दहल गई। नतीज़तन कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ खुद को खड़ा बताया। जॉर्डन, सीरिया, लेबनान, इजिप्ट जैसे देश जो फिलिस्तीन से थोड़ी हमदर्दी रखते हैं, उन्होंने भी हमास की तीखी भर्त्सना की। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी ऐसा ही किया लेकिन हमास के हमले के बाद इज़राइल ने हमास के आतंकवादियों की तलाश में जो भीषण हमले किए उसने दुनिया को फिर सोचने पर मजबूर कर दिया कि यह लड़ाई आख़िर किस दिशा में बढ़ रही है। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने भी कहा- 'अंतरराष्ट्रीय युद्ध नियमों का पालन अनिवार्य है और पूरी दुनिया की ज़िम्मेदारी है कि वह आतंकवाद से उन्हीं घोषणाओं के मुताबिक मुकाबला करे।' फ़िलहाल जो दिख रहा है वह है खेमों में बंटी दुनिया। अस्पताल पर हमले के बाद अरब देशों के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति की जॉर्डन में तय बैठक नहीं हुई। इस बैठक में फ़िलिस्तीन के मान्यता प्राप्त हिस्से के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी भाग लेने वाले थे।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> हमास (हरकत अल मुकम्मल अल इस्लामिया) एक आतंकवादी संगठन है और इसका मकसद है इज़राइल को ख़त्म कर एक फिलिस्तीन देश बनाना। जो विचार इस आतंकी संगठन को मज़बूती देता है वह यह है कि यहूदियों को उनकी ज़मीन पर ज़बर्दस्ती बसाया गया है और वे धीरे-धीरे उनकी ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहे हैं। बदले की इसी भावना का नतीजा है कि सात अक्टूबर को हमास ने इज़राइल पर आतंकी हमला किया।

तीसरे विश्व युद्ध की आशंका में अब दुनिया भर के नागरिक संगठन नेताओं को याद दिला रहे हैं कि फ़िलिस्तीन लम्बे अर्से से विवादित रहा है और इसके हल के लिए कभी भी ज़िम्मेदार देशों ने नतीजा देने वाले सार्थक प्रयास नहीं किए। अब भी जो बाइडेन इस वक्त जो बातें कह रहे हैं वे भी आग में पानी डालने वाली तो नहीं ही हैं। तेल अवीव में इज़राइल के प्रधानमंत्री को गले लगाकर कहना कि गाज़ा के अस्पताल पर हमला दूसरी टीम का काम है और यह 9/11 से भी बड़ा हमला है। इस बयान ने तटस्थ देशों को भी चौंकाया है। क्या चाहता है अमेरिका कि हमास को अलकायदा के ओसामा बिन लादेन की तरह किसी देश में घुसकर मारा जाए; लेकिन यहां तो इस तलाश में दोनों ओर के हज़ारों बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। यह कह देना भी किस क़दर अमानवीय है कि, 'आप अपना मुल्क खाली करके निकल जाओ! हम यहां बम बरसाएंगे।' कहां जाया जाए कोई और कितने दिन किसी शरणार्थी कैंप में गुज़ारे जा सकते हैं? यूं पहले से ही जॉर्डन और इजिप्ट की सीमा पर फिलस्तीनियों के कई कैंप हैं। कौन सा देश उन्हें अपनाने को तैयार है? बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि लोग ग़ाज़ा नहीं छोड़ना चाहते। उन्हें मिसाइल का शिकार होना मंजूर है, दर-दर की ठोकरें खाना नहीं। पानी-भोजन की किल्लत है। वे घूम -घूमकर नलों में पानी तलाश रहे हैं। दुश्मनी का आलम यह है कि कोई राहत सामग्री भी उत्तरी ग़ाज़ा तक नहीं पहुंचने दी जा रही है। फिर भी अपनी जान की परवाह में इनमें से कुछ ने अल अहली अल अरब अस्पताल में शरण ली तो मिसाइल ने वहां आकर भी उनका काम तमाम कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास के हमले को 'नाइन-इलेवन' के हमले से भी बड़ा हमला तो बताया है लेकिन अस्पताल के क़ब्रगाह बनने पर उनका कोई तीखा बयान अब तक नहीं आया है। यह पक्षपात ही कहीं पश्चिम एशिया के इस हिस्से की उथल-पुथल का कारण न बन जाए।

यूं हज़ारों सालों का इतिहास बताता है कि यहूदी पूरी दुनिया में सर्वाधिक सताया गया समुदाय है। प्रभु ईसा मसीह स्वयं एक यहूदी (ज्यू) थे जिन्हें सलीब पर टांग दिया गया और यह मान्यता घर कर गई कि कुछ यहूदी ऐसा ही चाहते थे। ईसाइयों के बीच यहूदियों के लिए यह नफरत बढ़ती गई जो धर्म युद्ध में बदल गई। नफ़रत इस कदर फैली कि यहूदी और ईसाई एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। अफ़वाह फैलाई जाती थी कि यहूदी ईसाई बच्चों का खून पीते हैं या उनका धार्मिक रीति रिवाज़ों के लिए इस्तेमाल करते हैं। अठारहवीं सदी तक यह नफरत एक ख़ास किस्म की नस्लीय या जातीय भेद में बदल गई थी। यहूदी मानने लगे थे कि पूरी दुनिया उनसे नफरत करती है और उन्हें अपना एक देश बनाना ही होगा जो उन्हें मज़बूत सुरक्षा दे। उन्नीसवीं सदी के अंत में 'ज़ायोनिस्म मूवमेंट' की शुरुआत हुई। इस वक्त कुछ यहूदी येरूशलम में आकर बसने लगे। यह उनके लिए पवित्र स्थान था। ठीक वैसे ही येरूशलम ईसाईयों और मुसलमानों के लिए भी आस्था स्थल है। आज यह इज़राइल के पास है। तब वहां कोई ग़ाज़ा नहीं था, न कोई इज़राइल और न कोई वेस्ट बैंक। केवल फिलिस्तीन था, खाली ज़मीन के साथ। तब वहां ओटोमन साम्राज्य था और यहां तीनों यानी मुसलमान, ईसाई और यहूदी अमन से रहते थे।

अमन यह शब्द यहां उस दिन से खो गया जिस दिन हिटलर के बंकर से ख़बर आई कि ख़ुदकुशी के बाद 'तानाशाह मर गया।' इसके बाद दुनिया को शांति से भर जाना चाहिए था कि अब कोई जंग नहीं। आज के हालात देखकर लगता है कि इस दुनिया के हुक्मरान अब भी जंग के प्यासे हैं। उनकी हुकूमत को बड़ा आसरा युद्ध में काम आने वाले हथियार देते हैं। वे इस आग को सुलगाए रखना चाहते हैं। दुनिया का बंटवारा भी मन मुताबिक कर जाते हैं। धरती पर ऐसी आड़ी-तिरछी रेखाएं खींचतें हैं कि मानवता बस रोती ही चली जाती है। हिंदुस्तान अपने सीने पर लगे उस घाव को कैसे भूल सकता है जब शरणार्थियों की बाढ़ आई थी। वह अकेले कहां आई थी साथ नफरत भी लाई थी। फिलिस्तीन में भी यही हुआ। नफ़रत की लड़ाई जारी है। फिलहाल इनके नाम हमास और इजराइल हैं। ख़ात्मा कर दो हमास का लेकिन यह पक्का इरादा दिखना चाहिए। यह लड़ाई इतनी ईमानदार नहीं जितनी राम की रावण के विरुद्ध थी। कोई दुविधा नहीं थी वहां। एक ही लक्ष्य बुराई और आतंक का ख़ात्मा। इस दौर में उम्मीद की जानी चाहिए कि दुनिया के अच्छे नागरिक सड़कों पर निकलकर इन हुक्मरानों को शांति की भाषा बोलने के लिए प्रेरित करें। ठीक ऐसा ही वियतनाम युद्ध के समय भी हुआ था।

रसूल हमजातोव की एक कविता है- 'भाई', जिसका अनुवाद फैज़ अहमद फैज़ ने किया है-


आज से बारह बरस पहले बड़ा भाई मरा
स्तालिनग्राद की युद्धभूमि में काम आया था
मेरी मां अब भी लिए फिरती है पहलू में ये ग़म
जब से अब तक पहने हुए है शोक की चादर
और उस दुख में मेरी आंख का गोशा तर है
अब मेरी उम्र बड़े भाई से कुछ बढ़कर है

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)

# 100 साल बाद भी गोलवलकर की विरासत की काली छाया में आरएसएस

मुंबई में 4-5 अक्टूबर 2023 को आयोजित अपनी वार्षिक संगोष्ठी में 'इंडिया टुडे' ने आरएसएस पर केन्द्रित एक सत्र भी रखा था. सत्र का विषय था, 'आरएसएस के 100 वर्ष: एम.एस. गोलवलकर अब भी क्यों टिके हुए हैं?' सत्र में विभिन्न विचारधाराओं के वक्ताओं ने हिस्सेदारी की। इसमें गोलवलकर से जुड़े मुख्यत: दो विषयों पर चर्चा हुई: पहला राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना और अल्पसंख्यकों के प्रति उनका दृष्टिकोण और दूसरा, भारत के संविधान की उनकी आलोचना। उनकी सोच के भारत की वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर प्रभाव पर विशेष बात नहीं हुई, खासकर इस संदर्भ में कि भारत में आज अल्पसंख्यकों की स्थिति दोयम दर्जे के नागरिकों की है और भारतीय संविधान की आलोचना में सरकार के शीर्ष पदाधिकारी सबसे आगे हैं।

गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'व्ही आर अवर नेशनहुड डिफाइंड' में लिखा, 'जर्मनी का अपनी नस्ल पर गर्व आज चर्चा का विषय है। अपनी नस्ल और संस्कृति की शुद्धता को बनाए रखने के लिए जर्मनी ने अपने देश से यहूदियों का सफाया कर सारी दुनिया को चौंका दिया। जर्मनी में नस्ल को लेकर गर्व की भावना अपने सर्वोच्च स्वरूप में दिखाई देती है। जर्मनी ने यह भी दिखाया है कि जिन नस्लों और संस्कृतियां में अंतर उनकी जड़ों तक व्याप्त हैं, उन्हें एक इकाई में समाहित करना असंभव है। हिन्दुस्तान में भी हम इस सबक को सीख सकते हैं और उससे लाभ उठा सकते हैं।' इसके जवाब में हिन्दू राष्ट्रवादी वक्ताओं ने कहा कि इस अंश को उसके संदर्भ से हटा कर नहीं देखा जाना चाहिए और यह भी कि चन्द पंक्तियां किसी व्यक्ति या किसी संस्था की विचारधारा को प्रतिंबंबित नहीं कर सकतीं।



राम पुनियानी

> सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे।

इसके जवाब में एक पैनेलिस्ट ने सन् 1972 में 'द इलस्ट्रेटिड वीकली ऑफ इंडिया' के संपादक खुशवंत सिंह द्वारा लिए गए गोलवलकर के साक्षात्कार से उद्धत करते हुए कहा कि गोलवलकर का कहना था कि 'ऐतिहासिक कारणों से मुसलमानों की वफादारियां विभाजित हैं परंतु इसके लिए हिन्दू और मुसलमान दोनों जिम्मेदार हैं।' इसमें हम यह भी जोड़ सकते हैं कि आरएसएस के वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत ने सन् 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में बोलते हुए इससे भी नरम रूख अपनाया था। बाद में उन्होंने यह भी कहा था कि हिन्दुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। मोहन भागवत ने लिंचिंग करने वालों को खरीखोटी सुनाते हुए यह भी कहा था कि 'ऐसा करने वाले हिन्दुत्व के विरोधी हैं...यद्यपि कुछ मौकों पर लोगों के खिलाफ लिंचिंग की झूठी शिकायतें भी की गई हैं... इस भय के दुष्चक्र में मत फंसिये कि भारत में इस्लाम खतरे में है...।'

सन् 1939 में प्रकाशित पुस्तक से लेकर 1972 के साक्षात्कार तक और उससे लेकर आरएसएस के वर्तमान मुखिया के वक्तव्य तक - संघ परिवार की कथनी लगातार बदलती रही है। परंतु उसकी करनी का क्या? आरएसएस की शाखाओं और उसके द्वारा संचालित स्कूलों में जो बताया-पढ़ाया जाता है, उसका क्या? भाजपा के आईटी सेल और कई मुख वाले संघ परिवार के नियंत्रण वाले सोशल मीडिया द्वारा जो प्रचार किया जाता है उसका क्या? संघ की शिक्षाएं विशुद्ध नफरत पर आधारित हैं। इस संगठन के प्रभाव को समझने के लिए केवल उसके शीर्ष नेतृत्व के कथनों पर ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। हमें यह भी देखना होगा कि संघ की सोच का सामाजिक ताने-बाने पर क्या प्रभाव पड़ रहा है और असहाय मुस्लिम अल्पसंख्यक उसके कारण क्या भोग रहे हैं?

एक तरह से सन् 1937 में गोलवलकर ने जो कहा था वह आज जमीनी सच्चाई बन गया है। एक के बाद एक घटनाओं के जरिए अल्पसंख्यकों को यह स्पष्ट संदेश भेजा जा रहा है कि वे दूसरे दर्जे के नागरिक हैं, वे भारत में केवल एक हाशियाकृत समुदाय के रूप में रह सकते हैं और उन्हें नागरिक अधिकार नहीं दिए जा सकते। जिस समय देश में जगह-जगह लिंचिंग की घटनाएं हो रहीं थीं तब भागवत और उनके गिरोह के होंठ सिले हुए थे। इस विशाल संगठन की विभिन्न शाखाओं के बीच इतनी होशियारी से 'श्रम विभाजन' किया गया है कि जमीन पर हो रही घटनाओं का पितृसंगठन की छवि पर कोई असर नहीं होता। शाखाओं में स्वयंसेवकों को पहले ही पकाकर तैयार कर दिया जाता है। फिर संघ के पूर्व प्रचारक और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री इशारों ही इशारों में उन्हें निर्देश देते हैं-'हम दो हमारे दो, वो पांच उनके पच्चीस', 'उन्हें उनके कपड़ों से पहचाना जा सकता है', 'श्मशान-कब्रिस्तान', 'राणा प्रताप ने गाय की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया' आदि आदि। ये समाज में नफरत और हिंसा फैलाने के निर्देश होते हैं और लोगों को धर्म के आधार पर ध्रुवीकृत करने के भी।

जो कुछ देश में आज हो रहा है उसे संघ परिवार के शीर्ष नेतृत्व का अनुमोदन हासिल है। तभी तो हत्या के आरोपियों को उनके सांसद मालाएं पहनाते हैं। तभी तो बिलकिस बानो का बलात्कार करने वालों को जेल से जल्दी रिहा कर दिया जाता है और उनका सार्वजनिक अभिनंदन होता है। तभी तो मुसलमानों के एक बड़े तबके को एनआरसी-सीएए के नाम पर मताधिकार से वंचित करने का प्रयास होता है। तभी तो मुसलमान दुकानदारों के बहिष्कार की अपीलें होती हैं। तभी तो मुसलमानों से कहा जाता है कि अगर उन्हें अपनी जान की फिक्र है तो वे अपना घर-गांव छोड़कर चले जाएं। क्या गोलवलकर ने सन् 1939 में यही सपना नहीं देखा होगा?

जहां तक संविधान का सवाल है, आरएसएस के अनाधिकृत मुखपत्र 'आर्गनाईजर' ने गोलवलकर के आरएसएस का मुखिया होने के दौरान लिखा था, 'किन्तु हमारे संविधान में प्राचीन भारत में हुए अनूठे संवैधानिक विकास का कोई उल्लेख नहीं हैं। मनु द्वारा विरचित नियमों का रचनाकाल स्पार्टा और पर्शिया में रचे गए संविधानों से कहीं पहले का है। आज भी मनुस्मृति में प्रतिपादित नियम पूरे विश्व में प्रशंसा पा रहे हैं और इनका सहज अनुपालन किया जा रहा है। किंतु हमारे संवैधानिक पंडितों के लिए यह सब अर्थहीन है'।

इस सबका राष्ट्रवादी यह कहकर बचाव करते हैं कि किसी भी मुद्दे पर लोगों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। यह बिल्कुल सही है। क्या हम यह भूल सकते हैं कि विज्ञान भवन में अपने व्याख्यानों में मोहन भागवत ने भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया था। परंतु करनी और कथनी में अंतर का शानदार उदाहरण पेश करते हुए हिन्दू राष्ट्रवादी समूह के चिंतक-विचारक उसी संविधान के प्रजातांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी चरित्र पर तीखे हमले कर रहे हैं और जेएनयू की कुलपति शांतिश्री धुलिपुड़ी का कहना है कि 'भारत को केवल संविधान से बंधे एक नागरिक राष्ट्र के रूप में देखना, उसके इतिहास, उसके प्राचीन विरासत, संस्कृति और सभ्यता को अनदेखा करना होगा। मैं भारत को एक सभ्यतागत राज्य के रूप में देखती हूं।'

एक अन्य राष्ट्रवादी चिंतक जे. साई दीपक का तर्क है कि हमारा संविधान उपनिवेशवाद की निशानी है और उसकी जड़ें ईसाई मूल्यों में हैं। उनका कहना है कि भारतीय संविधान को धर्म, संस्कृति, इतिहास, शिक्षा, भाषा आदि की दृष्टि से औपनिवेशिक मूल्यों से मुक्त करने के लिए सबसे पहले हमें अपने दिमाग को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करना होगा। वे यह भी मानते हैं कि औपनिवेशिक भाषा में सोचने से किसी व्यक्ति की सोच भी औपनिवेशिक हो जाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक परामर्शदात्री परिषद के मुखिया बिबेक देबराय का मानना है कि हमारा संविधान औपनिवेशिक विरासत है और वे उसमें समाहित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता, न्याय, समानता और स्वाधीनता जैसे मूल्यों पर प्रश्न उठाते हैं। अनमने भाव से हमें यह बताया गया है कि देबराय, उनकी अध्यक्षता वाली परिषद के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते परंतु सच यह है कि आज संघ की विचारधारा ठीक वही है जो गोलवलकर चाहते थे।

संघ के मूल एजेंडा में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। हां, कड़वी गोली को खाने लायक बनाने के लिए उस पर चाशनी लपेटने की कोशिशें जरूर हुई हैं।

आयोजन में कुछ वक्ताओं ने गोलवलकर को 'आउटडेटिड' बताया। सच यह है कि तारीख और सन् के हिसाब से वे भले ही आउटडेटिड हों परंतु उनकी विचारधारा, उनकी सोच और उनका एजेंडा ही देश पर लादा जा रहा है।

*(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)*

## पावन प्रसंग

# प्राण ऊर्जा शक्तियों को जागृत करने का उपयुक्त काल नवरात्र

मनुष्य के शरीर में कुल सात चक्र हैं-मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्त्रार। भौतिक सुख से लेकर आध्यात्मिक दर्शन तक सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए शरीर के पृथक-पृथक हिस्सों पर ध्यान केंद्रित करके मूलाधार से लेकर सहस्त्रार चक्र के इन शक्तियों को जागृत किया जाता है। इस प्रक्रिया में शरीर की दो नाड़ियां-इड़ा और पिंगला, जब संतुलित होती हैं, तो उर्जा सुषुम्ना नाड़ी से प्रवाहित होती है। शक्ति एक प्राण ऊर्जा के रूप में नाड़ी से बहती है, जो हमारी नासाग्र दाहिने और बाएं स्वर से पता चलता है। ज्योतिषीय मान्यतानुसार सभी ग्रहों के स्वरूप सात चक्र हैं और इन चक्रों से परे हैं दो ग्रह-राहु और केतु। यह प्राण ऊर्जा ही ब्रह्म स्वरूप है, जो सात्विक भोजन से प्राप्त होती है, ब्रह्ममुहूर्त में नित्य उठने से गतिमान होती है, प्राणायाम से जगती है। धारणा से केंद्रित होती है। ध्यान से ऊपर की ओर चक्रों में बढ़ती है। भय और नकारात्मक सोच से ये सिकुड़कर कम होती है। तामसिक भोजन, कर्म, वार्ता से नीचे के चक्रों में गिरती है। दूसरों से आत्मिक प्रेम और जीवो से प्रेम से विस्तृत होती है। इस ऊर्जा का प्रबंधन ठीक से व्यवस्थित कर लिए जाने से असाधारण सफलता भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इन शक्तियों को जगाने का सर्वोत्तम काल नवरात्रि का माना गया है। नवरात्रि में हर दिन एक विशेष चक्र को जाग्रत किया जाता है, जिससे साधक को ऊर्जा प्राप्त होती है।

पौराणिक मान्यतानुसार माता भगवती, प्राण शक्ति का शरीर के सात चक्र और दो नाड़ियों में संचरण करके अंत में सुषुम्ना से प्रवाहित कर हमारे जीवन के सभी पहलुओं में सन्तुलन बनाती है। सामान्यत: मनुष्य की समस्त ऊर्जा मूलाधार चक्र अर्थात कामेंद्रियों के ऊपर होती है। साधक, योगीजन नवरात्रि में ध्यान के माध्यम से मूलाधार में स्थित अपनी ऊर्जा को सहस्त्रार चक्र तक लाते हैं। सांसों के नियंत्रण और ध्यान से इस ऊर्जा को ऊपर खींचा जा सकता है। जैसे-जैसे साधक ऊर्जा को एक-एक चक्र से ऊपर उठाते जाते हैं, उनके व्यक्तित्व में चमत्कारी परिवर्तन दिखने लगते हैं। नवरात्रि में पहले दिन इस शक्ति प्राण ऊर्जा को मूलाधार चक्र में उर्ध्व गमन किया जाता है। नवरात्रि की प्रथम पूज्य माता शैलपुत्री को अखंड सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। इस दिन साधक अपनी शक्ति मूलाधार चक्र में स्थित करते हैं, और योग, साधना करते हैं। मूलाधार अर्थात मूल चक्र मनुष्य की प्रवृत्ति, सुरक्षा, अस्तित्व और मौलिक क्षमता से संबंधित है।

नवरात्रि के छठे दिन दुर्गा के कात्यायनी रूप की पूजा-उपासना करने से आसुरी प्रवृत्ति व शत्रुता का नाश होता है। इस दिन साधक का मन आज्ञा अर्थात ललाट चक्र में अवस्थित होता है। दोनों भौहों के मध्य स्थित आज्ञा चक्र का प्रतीक दो पंखुड़ियों वाला कमल है और यह सफेद, नीले या गहरे नीले रंग से मेल खाता है। आज्ञा का मुख्य विषय उच्च और निम्न अहम को संतुलित करना और अंतरस्थ मार्गदर्शन पर विश्वास करना है। आज्ञा का निहित भाव अंर्तज्ञान को उपयोग में लाना है। मानसिक रूप से आज्ञा दृश्य चेतना, और भावनात्मक रूप से आज्ञा शुद्धता के साथ सहज ज्ञान के स्तर से जुड़ा होता है। इस चक्र में बाधा के कारण व्यक्ति पुराने मान-अपमान, अपराध बोध आदि से ग्रसित रहता है। सिर दर्द, तनाव आदि बने रहते हैं। क्षमाशीलता का अभाव होता है। आज्ञा चक्र भेदन में सफलता प्राप्त व्यक्ति अज्ञात भय से मुक्ति पा लेता है। और परमात्मा की झलक अधिक समय के लिए प्राप्त करने में आध्यात्मिक सफलता प्राप्त कर लेता है।

**अशोक प्रवृद्ध-सुमन सागर**

## आपके पत्र

# बेरोजगारी में डूबता गांव का युवा

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले दस सालों में भारत दुनिया की तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। केवल आर्थिक मोर्चे पर ही नहीं, बल्कि साइंस और टेक्नालॉजी के क्षेत्र में भी भारत दुनिया का सिरमौर बनता जा रहा है। आर्थिक क्षेत्र में मज़बूती के कारण भारत का सामाजिक क्षेत्र भी प्रगति कर रहा है लेकिन एक सच्चाई यह भी है कि जिस तेज़ी से तरक्की हो रही है, उसकी अपेक्षा लोगों को रोज़गार नहीं मिल रहा है। जिसकी वजह से देश में बेरोज़गारी की दर भी बढ़ती जा रही है। देश का कोई राज्य ऐसा नहीं है, जहां बेरोज़गारों की फ़ौज नहीं खड़ी है। इसका सबसे बुरा प्रभाव देश के ग्रामीण क्षेत्रों को हो रहा है, जहां युवा टेक्निकल स्किल की कमी के कारण रोज़गार की दौर में पिछड़ रहे हैं।

पहाड़ी राज्य उत्तराखण्ड का ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। जहां बड़ी संख्या में युवा बेरोज़गार हैं। रोज़गार की तलाश में युवा बड़े शहरों और मैदानों की ओर पलायन को मजबूर हो गए हैं। दरअसल इन बड़े शहरों और मैदानी इलाक़ों में काम के ऐसे अवसर मौजूद हैं कि वह कुछ न कुछ करके जीवनयापन कर लेते हैं, परंतु पर्वतीय क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर बहुत सीमित हैं, जिससे उनका जीवनयापन मुश्किल हो जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों के आजीविका संवर्धन के साधन मौसम, जंगली जानवर, बाजारीकरण व नवीन तकनीकी के अभाव पर निर्भर रहते हैं। जिस पर रोजगार की गारंटी न के बराबर होती है। राज्य के लिए बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। रोज़गार के सीमित अवसरों के कारण बेरोजगारों की संख्या में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है जिसके चलते युवाओं द्वारा परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों का रुख किया जा रहा है। इससे राज्य में पलायन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

अक्सर युवाओं को रोजगार दिये जाने की बात कही जाती है पर यदि ऐसा होता तो सेवा योजन कार्यालयों में फाइलों के गठ्ठे न होते और ना ही एक पद पर आवेदन करने वालों की संख्या हजारों में होती। आलम यह है कि राज्य में बेरोजगारों की संख्या तो लाखों में है, मगर नौकरी के अवसर बहुत ही सीमित हैं जिससे राज्य के हज़ारों उच्च शिक्षित नौजवानों के हाथों में मज़दूरी का काम थमा दिया है। इस संबंध में, हल्द्वानी, नैनीताल के युवा टेम्पो चालक पंकज सिंह बताते हैं कि वह एमएससी प्रथम श्रेणी से पास हैं। उन्होंने सरकारी नौकरी के लिए कई परीक्षाएं दीं, लेकिन कभी पेपर लीक तो कभी धांधली के चलते परीक्षाएं निरस्त कर दी गईं। जिससे उन्हें हमेशा निराशा ही हाथ लगी। ऐसे में परिवार की जिम्मेदारी के चलते उन्होंने निजी कम्पनी में कार्य भी किया, लेकिन कंपनी द्वारा अत्यधिक शोषण के कारण इन्होंने नौकरी छोड़ दी और टेम्पो चलाने का फैसला किया। वह बताते हैं कि कई युवा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद या तो नौकरी की तलाश में बेरोजगार घूम रहे हैं अथवा मामूली तनख्वाह पर शोषण सहने को मजबूर हैं।

हालांकि सरकार द्वारा बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं। आजीविका के साधन उपलब्ध कराने और लोगों की आय को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वरोज़गार पर फोकस किया जा रहा है। इसमें पीएम-दक्ष, मनरेगा, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं को लागू किया गया है। इसके अतिरिक्त सब्सिडी द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी, उत्तराखंड**

देशबन्धु

बरोली में चल रही अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ कलेक्टर ने की कार्यवाही

# पोकलेन मशीनें तथा डम्फर कराये जप्त

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले की अजयगढ़ तहसील अन्तर्गत विभिन्न स्थानो पर लगातार अवैध रेत उत्खनन महीनो से चल रहा है। वर्तमान समय में आदर्श आचार संहिता लगने के बावजूद रेत माफिया पूरी तरह सक्रिय है तथा विभिन्न स्थानो पर मशीनो के माध्यम से रेत उत्खनन कर रहे थें, जिसमे बीरा, भानपुर, चन्दौरा, रामनई, बरोली के संबंध में समाचार पत्रो में अवैध उत्खनन को लेकर समाचार प्रकाशित किये जा रहे थें। उक्त मामले को कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लेते हुए अजयगढ क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्राम बरोली में निजी भूमि पर चल रही रेत की अवैध खदान पर कार्यवाही कराई है। जिसमे दो पोकलैंड मशीनें तथा कुछ ट्रैक्टर जप्त किये गये है। ज्ञात हो कि इस क्षेत्र में



लगातार अवैध रेत उत्खनन वर्षो से चल रहा है तथा करोडो के राजस्व का नुकसान प्रशासन को रेत माफियाओं द्वारा पहुंचाया जा रहा था। इस अवैध कारोबार में स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन भी शामिल बताया जा रहा है। लेकिन कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक के सक्रिय होने से अवैध रेत कारोबार पर अंकुश लग रहा है। अभी बीते दो दिन पूर्व भी पन्ना जिला मुख्यालय में स्थानीय पुलिस द्वारा तीन ट्रैक्टर अवैध रेत से भरे पकडे थे तथा उन्हे सिविल लाईन पुलिस चौकी में रखवाया गया था बताया जाता है कि उक्त रेत से भरे ट्रैक्टर बीरा पुलिस चौकी प्रभारी के संरक्षण में चल रहे थें। लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा इसका उल्लेख नही किया गया है। गौरतलब है कि पुलिस चौकी बीरा में पदस्थ प्रभारी कई वर्षो से जमे हुए है तथा उनके द्वारा रेत का अवैध कारोबार कराया जा रहा है।

# आबकारी विभाग ने पचास हजार की अवैध शराब की जप्त



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत लगातार कार्यवाई की जा रही है। कलेक्टर हरजिंदर सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी भगवान सिंह परिहार के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाई जारी है। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में थाना सुनवानी के सीमावर्ती ग्राम उडला में आरोपी दीपा राजा परमार पति पर्वत सिंह परमार के रिहायशी मकान से 20 लीटर अवैध हाथभट्टी कच्ची शराब और लगभग 40 लीटर महुआ लाहन कीमत लगभग 7 हजार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक नम्रता साहू, स्मिता ठाकुर, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक वीरेन्द्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फुलरानी और सुहेल खान शामिल रहे।

दूसरी तरफ आबकारी उप निरीक्षक हनी कृष्णा गौड़ के नेतृत्व में थाना अजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर में आरोपी माता प्रसाद अहिरवार पिता मैयादीन अहिरवार के रिहायसी मकान से 5 लीटर हाथभट्टी महुये की शराब और लगभग 400 किग्रा महुआ लाहन कीमत लगभग 43000 जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाई में आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, सोनू कोरकू, नगर सैनिक फोटोलाल प्रजापति और कौशल्या बाई शामिल रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंस में जिला निर्वाचन और रिटर्निंग अधिकारियों से कहा-

# मादक पदार्थ, अवैध धन और जेवरात भी करें जप्त



- 21 अक्टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है
- नाकों-चौकियों पर सीसीटीवी से रखें निगरानी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि सीमावर्ती जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी विशेष ध्यान दें और अवैध धन सम्पत्ति, जेवरात, मादक पदार्थ की जब्ती की कार्रवाई करें। साथ में इस बात का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराएं। वह प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और समस्त विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव ड्यूटी में तैनात रिटर्निंग अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देशित कर रहे थे।

श्री राजन ने कहा कि 21 अक्टूबर से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू हो रही है, कोई भी अभ्यर्थी ऑफलाइन रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर या सुविधा एप के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन भी दाखिल कर सकता है। निक्षेप (जमानत) राशि का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर सकता है। श्री राजन ने बताया कि नामांकन फॉर्म के साथ अभ्यर्थी को फॉर्म 2 बी नामांकन फार्म, फॉर्म 26, शपथ पत्र व बैंक खाते की जानकारी सहित अन्य सभी जरूरी दस्तावेज अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि आगामी 30 अक्टूबर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आदर्श चुनाव आचरण संहिता का सख्ती से पालन कराएं, अभियान चलाकर शस्त्र जमा कराएं और आपराधिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें।

श्री राजन ने कहा की सभी जिला निर्वाचन अधिकारी उनके जिले में चिन्हित नाकों और चौकियों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाकर निगरानी रखें। उन्होंने बताया कि 21 अक्टूबर से प्रेक्षक जिलों में पहुंचेंगे, मतदान प्रतिशत बढ़ाने जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाएं। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर डॉक्टर राजेश पाटीदार और डॉक्टर वाईपी सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों को नामांकन पत्र दाखिल करने की संपूर्ण प्रक्रिया और इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए समस्त दिशा निर्देशों एवं विशेष प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कोल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, बसंत कुर्रे, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रमोद शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग को 1,621 शिकायतें मिली

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक निर्वाचन कार्यालय तक 1,621 शिकायतें आई है, जिनका चुनाव आयोग ने निपटारा भी किया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचरण संहिता संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए सी- विजिल ऐप तैयार किया गया है। इस ऐप के जरिए कोई भी नागरिक राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को उनके पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं का स्वयं के वाहन से परिवहन करने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों पर प्रचार सामग्री लगाने या दीवार पर विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायत कर सकता है।

सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को अब भी नहीं भूले नेता

# सिंधिया और उनके समर्थकों की घेरने की कोशिश में कांग्रेस

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस की केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थक उम्मीदवारों को घेरने में सबसे ज्यादा दिलचस्पी है और यही कारण है कि पार्टी की ओर से ताकतवर उम्मीदवारों पर दांव लगाया जा रहा है। यह अलग बात है कि विधायक केपी सिंह को पिछोर की बजाय शिवपुरी से उम्मीदवार बनाकर पार्टी ही उलझन में फंस गई है।

राज्य में कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार गिराए जाने के घटनाक्रम को पार्टी के नेता अब भी नहीं भूल पाए हैं और यही कारण है कि सिंधिया को घेरने के लिए राज्य के नेता सबसे ज्यादा मशक्कत कर रहे हैं। भाजपा ने सात सांसदों सहित तमाम दिग्गजों को विधानसभा चुनाव में मैदान में उतार रखा है तो संभावना इस बात की भी जताई जा रही है कि सिंधिया को पार्टी शिवपुरी से उम्मीदवार बना सकती है, लिहाजा इस इलाके के कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेता और पिछोर से विधायक केपी सिंह को पार्टी ने शिवपुरी से पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया है ताकि सिंधिया के रास्ते को रोका जा सके।

कांग्रेस ने सिंधिया को रोकने की रणनीति के तहत सिंह को उम्मीदवार बनाया तो सियासी हल्कों में हलचल मच गई और कहा तो यहां तक जा रहा है कि केपी सिंह खुद शिवपुरी से चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इसी मामले को लेकर कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच भी दूरियां बढ़ने की खबर आ रही है। कमलनाथ का एक वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के दावेदार वीरेंद्र रघुवंशी के समर्थकों से दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन के कपड़े तक फाड़ने की बात कह दी।

एक तरफ जहां कांग्रेस सिंधिया का रास्ता रोकने की कोशिश कर रही है तो वही पार्टी ने सिंधिया समर्थक सांवेर के उम्मीदवार तुलसीराम सिलावट, सुरखी से उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत की खिलाफ दमदार उम्मीदवार उतार दिए हैं, तो वहीं सिंधिया के अन्य समर्थकों के खिलाफ भी ताकतवर उम्मीदवार उतारे जाने की तैयारी चल रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस के निशाने पर सबसे पहले सिंधिया हैं और यही कारण है कि ग्वालियर-चंबल इलाके पर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं की पहली नजर है और वह इस इलाके में हर हाल में सिंधिया का प्रभाव कम करना चाहते हैं और इसके लिए वे सिंधिया और उनके समर्थकों के खिलाफ मजबूत जन आधार के नेता तलाश रहे हैं। ग्वालियर-चंबल के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी जो सिंधिया समर्थक हैं उनकी राह कठिन बनाने की कोशिश में कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

## गुनौर क्षेत्र के बदमाश देवीसिंह को किया जिला बदर

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देशित किया था। उसी तारतम्य में थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा ग्राम जमुनिया के कुख्यात आरोपी देवी सिंह राजपूत को जिला दंडाधिकारी पन्ना द्वारा जारी जिला बदर आदेश के पालन में जिला पन्ना एवं इसके समीपवर्ती जिलों से बाहर छोड़कर निष्कासन आदेश की तामिली की गई है। आरोपी को आगामी छह माह के लिए जिला बदर किया गया है यदि उसके द्वारा उक्त आदेश का उल्लंघन किया गया तो राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जा सकेगी। आरोपी के विरुद्ध थाना गुनौर क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक अपराध पंजीबद्ध है। उक्त कार्वाई पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के मार्गदर्शन में गुनौर एसडीओपी ग्लैडविन एडवर्ड कार के निर्देशन में थाना प्रभारी गुनौर सुशील कुमार अहिरवार एवं प्रधान आरक्षक रामनारायण गौतम के द्वारा की गई।

# आबकारी विभाग की बांदा में सीमावर्ती बैठक हुई



**पन्ना, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती जिले बांदा में आबकारी अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय ने बताया कि पन्ना जिले से लगे हुए उत्तर प्रदेश के एक मात्र जिले बांदा में पन्ना और बांदा जिले के आबकारी अधिकारियों की बैठक जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय बांदा में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सीमावर्ती शराब दुकानों, ग्रामों और आदतन अपराधियों की सूचियों का आदान प्रदान किया गया। दोनो राज्यों में होने वाले अवैध मदिरा की रोकथाम हेतु विस्तृत चर्चा हुई। आपसी समन्वय हेतु दोनो जिलों के अधिकारियों के संपर्क की जानकारी भी साझा की गयी। आगे भी आवश्यकता होने पर संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पन्ना जिले से जिला आबकारी अधिकारी भगवान सिंह परिहार, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय बांदा के आबकारी विभाग से जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी प्रवर्तन एके वर्मा, आबकारी निरीक्षक वृत्त अतर्रा संदीपनाथ त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक वृत्त नरैनी अंकिता वर्मा आदि शामिल रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया सारंग के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज अशोका गार्डन में नरेला विधानसभा क्षेत्र के मुख्य चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया। भाजपा प्रत्याशी विश्वास सारंग के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते हुए श्री शर्मा ने कहा नरेला विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर कमल खिलेगा। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, महापौर श्रीमती मालती राय, जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, विधानसभा संयोजक श्याम मोहन, अशोक वाणी, नितीन पाठक सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता उपस्थित रहीं।

## बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है : नीतीश

**पटना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने कृषि क्षेत्र में अच्छी प्रगति की है। राज्य में पहले कृषि रोड मैप के लॉन्च होने के बाद से कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दूसरे कृषि रोड मैप की लॉन्चिंग में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी आए थे। तीसरे रोड मैप के शुभारंभ में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आए थे और अब आप आई हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। नीतीश कुमार ने कहा कि चौथे कृषि रोड मैप से पहले किसानों से भी राय ली गई थी। बिहार के किसानों ने फसलों के साथ साथ दूध, अंडा मछली के उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया। मछली का उत्पादन ढाई गुना से भी अधिक हो गया है। अब बाहर से लाने की जरूरत नहीं है।

## आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए कांग्रेस ने जारी किये हेल्पलाईन नंबर



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश भर में कहीं भी हो रही आचार संहिता के उल्लंघन के तुरंत शिकायत करने के लिए हेल्प नंबर जारी किये हैं जो 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने बताया कि 9039014141, 8982714141, 9039241414 और 8982494141 मोबाईल नंबर कांग्रेस पार्टी ने जारी किये हैं। इन नंबरों पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत तुरंत दर्ज करायी जा सकेगी। यह सभी फ़ोन नम्बर्स कांग्रेस पार्टी के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के लिए हेल्प लाईन नम्बर्स हैं, जो 24 घंटे चालू रहेंगे। साथ ही प्रदेश के सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया गया है कि इन उक्त नंबरों को आप अपने माध्यम से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं तक पहुंचाए, जिससे आचार संहिता के किसी भी प्रकार के उल्लंघन की शिकायत तुरंत दर्ज की जा सके और चुनाव आयोग से कार्यवाही के लिए शिकायत दर्ज करायी जा सके।

## सैयद जाफर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मनोनीत



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने छिंदवाड़ा के कांग्रेस नेता सैयद जाफर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का महामंत्री मनोनीत किया है। श्री जाफर पूर्व में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और मप्र कांग्रेस के मीडिया उपाध्यक्ष पद पर भी रहे हैं। श्री जाफर मीडिया के माध्यम से भी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और कांग्रेस की योजनाओं को मीडिया के माध्यम से लगातार रखते रहे हैं।

## भाजपा नेता आज हाईटेक रथों को रवाना करेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के 230 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए 19 अक्टूबर को पार्टी के प्रदेश कार्यालय से हाईटेक रथों को जिलों के लिए रवाना होंगे।

अब कमलनाथ ने दिया जनता को व्यक्तिगत वचन, किया वादा

# प्रदेश के भविष्य को एक नई दिशा की ओर लेकर जाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** युवाओं को रोजगार मिले, महिला सशक्तिकरण हो, स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर हो, किसानों के साथ न्याय हो और हर वर्ग को समान अवसर मिले। इसी उद्देश्य को सामने रखकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कमलनाथ ने व्यक्तिगत वचन दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वचन प्रदेश के भविष्य को एक नई दिशा की ओर लेकर जाएंगे।

उन्होंने इस संबंध में ट्वीट करते हुए कहा कि कांग्रेस के 'वचन' जितना जनता से किए गए वचन हैं, उससे भी ज़्यादा हर एक कांग्रेसी के खुद से किए गए वादे हैं। आज़ादी को हर हाल में पाने के वचन से लेकर, आज़ादी पाने के बाद आज तक देश की तरक्की के लिए उठाए गए हर क़दम के पीछे कांग्रेस की यही आत्म-संकल्प की शक्ति काम करती रही है और आगे भी करेगी। कांग्रेस के सच्चे वचन, भाजपा को ही नहीं बल्कि भाजपा के झूठे जुमलों को भी पराजित कर देंगे। ये मेरा 'व्यक्तिगत वचन' है कि ये वचन मप्र के भविष्य के लिए निर्णायक कदम साबित होंगे। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही कांग्रेस ने अपना वचन पत्र जारी किया है। 225 बिन्दु के वचन पत्र में 1290 वचन हैं। कमलनाथ ने इस संबंध में कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि ये वचन जितने जनता से किए गए हैं, उससे भी ज्यादा खुद से इन्हें पूरा करने का वादा है।

## कांग्रेस नेता सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी भाजपा में शामिल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में काग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय श्रीनिवास तिवारी के पौत्र व कांग्रेस के नेता स्वर्गीय सुंदर लाल तिवारी के पुत्र सिद्धार्थ तिवारी एवं कांग्रेस के गुनौर विधानसभा के पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री श्री चौहान और प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सिद्धार्थ तिवारी और फुन्दर चौधरी को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने साधा निशाना, बोले-

# कांग्रेस में सर्वे नहीं, नकुलनाथ ही सर्वेसर्वा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने आज फिर कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर निशाना साधा है। इस बार भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के निशाने पर थे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ। श्री शर्मा ने पार्टी में गुटबाजी और परिवारवाद पर सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में जिस तरह से नकुलनाथ ने टिकट बांटे हैं, उससे सवाल यह उठता है कि आखिर कांग्रेस में किसकी चलती है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री शर्मा ने यह बात कही। श्री शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस में सर्वे नहीं, नकुलनाथ ही सर्वेसर्वा हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में नेताओं के बच्चों को टिकट मिलना तो आम बात है, लेकिन पहली बार देखा गया कि जब किसी नेता के बेटे ने ही टिकट बांट दिए। श्री शर्मा ने कहा कि मंगलवार सुबह जब कमलनाथ कांग्रेस का 'वचन पत्र' जारी कर रहे थे, वहीं शाम को उनके बेटे ने उम्मीदवार ही घोषित कर दिए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के अंदरूनी सर्वे को मजाक बताते हुए कहा कि पहले कांग्रेस पार्टी द्वारा कहा गया था कि सर्वे और जमीनी कार्यकर्ताओं के आंकलन के आधार पर ही टिकट दिए जाएंगे। लेकिन नकुलनाथ ने इन सब बातों को दरकिनार कर दिया।

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने कहा-भाजपा के घोटालों के चलते युवकों में निराशा

# कांग्रेस सत्ता में आने पर 2 लाख युवाओं को नौकरियां देगी



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने व्यापाम पटवारी घोटाले सहित अन्य मामलों का जिक्र कर एक बार फिर भाजपा सरकार को घेरा है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि इन घोटालों से लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद हो गया है, सत्ता में आने पर कांग्रेस हर वचन पूरा करेगी, नौकरियों में 2 लाख युवाओं की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा है कि भर्ती में पारदर्शिता के लिए नए नियम बनाए जाएंगे, वहीं पूर्व में हुए भर्ती घोटालों की जांच कराई जाएगी।

उन्होंने युवाओं की स्थिति को बयां करते हुए कहा कि बच्चे के परिवारजन किन परिस्थितियों में बच्चों को शिक्षा दिलवाते हैं। स्कूल से लेकर कोचिंग तक की फीस माता-पिता परिवार के खर्चे में कटौती कर बच्चों को पढ़ा तो देते हैं, लेकिन जब नौकरियों में भर्ती का मौका आता है तो ये भर्तियां घोटालों की भेंट चढ़ जाती हैं। डॉ. रागिनी ने कहा कि यह सिलसिला वर्षों से लगातार चलता आ रहा है, जिसके कारण युवाओं में निराशा की भावना आने लगी है। जिसके चलते अनेक युवाओं के साथ उनके माता-पिता के सपने भी चकनाचूर हुए हैं। प्रदेश में भाजपा के घोटालों के चलते युवकों में निराशा है।

डॉ. रागिनी ने कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, तकरीबन 2 लाख भर्तियां निकाली जाएंगी। भर्ती के लिए नए नियम बनाकर पूरी पारदर्शिता के साथ ईमानदारी से युवाओं की नौकरियों में भर्ती होगी।

## गुजरात में श्रमिकों को मिला पांच रुपए में भोजन का लाभ


**गांधीनगर, एजेंसी।** गुजरात में श्रमिक अन्नपूर्णा योजना अंतर्गत एक वर्ष में 50 लाख श्रमिकों को पांच रुपए में भोजन का लाभ मिला हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के नेतृत्व में पिछले साल अक्टूबर में एक बार फिर से श्रमिक अन्नपूर्णा योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया था और केवल एक ही वर्ष की समयावधि में राज्य के लगभग 50 लाख श्रमिक इस योजना अंतर्गत पांच रुपए में भोजन का लाभ पा चुके हैं।

# धोखाधड़ी के मामले में लेकर कांग्रेस प्रत्याशी के घर पहुंची असम पुलिस की टीम





- पूर्व मंत्री के पुत्र शाश्वत का मोबाइल, आधार और पेन कार्ड जप्त
- जांच के दौरान नहीं मिले धोखाधड़ी संबंधित दस्तावेज



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले की टीकमगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह बुन्देला के निज निवास पर गुरूवार की सुबह 8 बजे के लगभग असम पुलिस की चार सदस्यीय टीम लेकर कोतवाली नगर निरीक्षक आनंद राज पहुंचे। पूर्व मंत्री श्री बुन्देला ने खाकी वर्दीधारियों को अपने निवास परिसर में देखा तो उन्होंने उनसे यहां आने का कारण जाना। इसके उपरांत असम पुलिस ने श्री बुन्देला से गोवाहाटी उच्च न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी के एक मामले में जांच करने का उल्लेख किया। इसके उपरांत उन्होंने अपने सारे मकान की जांच करने की अनुमति दी। यह सारा मामला घंटो तक जारी रहा। इस दौरान काफी संख्या में पूर्व मंत्री के समर्थक उनके निवास पर एकत्रित होकर भाजपा के विरोध तथा यादवेंद्र सिंह बुंदेला के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। असम से आई पुलिस अधिकारियों की टीम श्री सिंह के निवास की संपूर्ण जानकारी एकत्रित करती रही। असम पुलिस से आए सीआईडी इंस्पेक्टर उत्तम डोले ने कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह के पुत्र युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शाश्वत सिंह बुन्देला से बंद कमरे में पूछताछ करने के बाद बताया कि असम में ऑटो नामस कांउसिल में ठेका देने के नाम पर वर्ष 2022 में 63 करोड़ का घोटाला किया गया है। इस सिलसिले में भादवि की धारा 420 सहित अन्य धाराओं में नामित आरोपियों में शामिल शाश्वत सिंह के पास से जांच में सहयोग के लिए उनका मोबाइल, पेनकार्ड और आधार कार्ड जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में दिल्ली की सबरबाल ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 63 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई गई है। यह मामला गोवाहाटी के उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में 5 लोगों को आरोपी बनाया गया है। इन आरोपियों में टीकमगढ़ निवासी पूर्व मंत्री श्री सिंह के पुत्र शाश्वत सिंह बुंदेला शामिल हैं। श्री डोले ने बताया कि फिलहाल घोटाले से संबंधित किसी प्रकार के दस्तावेज उन्हे सर्च के दौरान नहीं मिले है।

### इनका कहना है

दिल्ली की सबरवाल ट्रेडिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है कि इन लोगों ने नया काउंसिल फर्म बनाकर माल सप्लाई का टेंडर बुलाया। मेरी कंपनी को सप्लाई का कॉन्ट्रैक्ट मिला। करीब 63 करोड़ रुपए का माल सप्लाई करने के बाद पता चला कि माल असम सप्लाई हुआ है, लेकिन इस मामले में अभी तक भुगतान नहीं मिला।

**उत्तम डोले,** सीआईडी इंस्पेक्टर गोवाहाटी असम

भाजपा का प्रदेश एवं केन्द्रीय नेतृत्व मेरा चुनाव प्रभावित करना चाहता है। सोची समझी साजिश के तहत यह सारा कृत्य संपादित किया जा रहा है, जिससे मेरा परिवार सहमा हुआ है। में और मेरा परिवार चुनाव प्रचार करने में सोच समझकर दिशा तय करेंगे। हमारे साथ विधानसभा क्षेत्र की जनता है, उनसे राय शुमारी की जाएगी। जनता से बातचीत के उपरांत आगामी कार्यक्रम तय किया जाएगा।

**यादवेंद्र सिंह बुंदेला,** कांग्रेस प्रत्याशी टीकमगढ़

संपूर्ण मध्य प्रदेश में भाजपा की दमनकारी नीति चल रही है। इसी दमनकारी नीति का शिकार टीकमगढ़ प्रत्याशी को बनाया जा रहा है। मेरी बात राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के समस्त नेताओं से हो चुकी है। टीकमगढ़ जिले की सभी सीटें कांग्रेस जीतने जा रही है। भाजपा को प्रत्याशियों का टोटा है। इससे भयभीत होकर भाजपा का प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व ऐसी कार्यवाही करा रहा है।

**नवीन साहू,** जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी टीकमगढ़

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने गांवों में जाकर मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# निष्पक्ष मतदान कराने का दिया आश्वासन



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर टीकमगढ़ अवधेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा 18 अक्टूबर को थाना दिगौड़ा अंतर्गत ग्राम बीरऊ एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम द्वारा ग्राम धामना, बछौड़ा, मऊ बुजुर्ग, खरोई के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आमजनों से जन संवाद कर विश्वास पर्चियों का वितरण किया एवं निष्पक्ष मतदान कराने का आश्वासन देकर बिना डर भय के स्वेच्छा से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला उप निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपा श्री गुप्ता के साथ कलेक्ट्रेट में टीकमगढ़ की तीनों विधानसभा हेतु नामांकन भरे जाने वाले स्थलों एवं पॉलिटेक्निक स्कूल में स्थित स्ट्रांगरूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने बुधवार को गांव सहित क्षेत्र भर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कलक्टर एवं एसपी ने बुधवार को गांव सहित क्षेत्र भर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कलक्टर एवं एसपी ने बुधवार को गांव सहित क्षेत्र भर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और निष्पक्ष होकर मतदान करने की अपील की। बुधवार को कलेक्टर अवधेश शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने ग्राम बीरऊ व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ससत्या ने ग्राम धामना, मऊ बुजुर्ग व बछोड़ा के विद्यालयों में बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने यहां पर बूथों पर लगाए गए अधिकारी एवं पंचायत कर्मचारियों की जानकारी ली। साथ ही यहां पर आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने ग्रामीणों को निष्पक्ष एवं बिना किसी भय एवं दबाव के अपना वोट डालने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों को मतदान के लिए पीली पर्ची का वितरण कियाए जिस पर जिले के सभी अधिकारियों के नंबर लिखे हुए है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या गतिविधि की जानकारी होने पर तत्काल ही संबंधित नंबरों पर सूचना दे। इस दौरान दिगौड़ा तहसीलदार मनीराम कोंदर, थाना प्रभारी श्रीमती अनुमेहा गुप्ता, एसआई नीरज लोधी सहित राजस्व कर्मचारी व पंचायत कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गाय बचाने के प्रयास में टैक्सी पलटने से 3 युवक घायल



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भगवंतपुरा तिगैला के पास बीती रात को एक टैक्सी सड़क किनारे जाकर पलट गई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनको 108 एंबुलेंस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। 108 एंबुलेंस के ईएमटी अंवेष अहिरवार व पायलेट नरेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम भगवंतपुरा तिगैला के पास बुधवार की रात करीब 9 बजे झांसी हाइवे सड़क पर गाय को बचाने के प्रयास में एक टैक्सी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई। इस घटना में महेश अहिरवारए, सुनके अहिरवार व राधेलाल अहिरवार निवासी नचनवारा खिरिया चौकी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को टैक्सी के बाहर निकाला गया। 108 एंबुलेंस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है। यह टैक्सी ग्राम धामना से टीकमगढ़ की तरफजा रही थी।

## अवैध शराब जप्त कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए ग्राम बम्होरी में दो अलग स्थानों से अवैध देशी व कच्ची शराब को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात को क्षेत्र भ्रमण व गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ग्राम बम्होरी से दो लोगों के कब्जे से अवैध शराब को जप्त किया है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पठार रोड बम्होरी में रामभरोसे उर्फ कड़ोरे दांगी निवासी बम्होरी के कब्जे से 21 क्वाटर अवैध देशी शराब को जप्त किया। इसके अलावा ग्राम बम्होरी के ढिमरौला मुहल्ले में कार्रवाई करते हुए आरोपी भईयन केवट निवासी बम्होरी के कब्जे से 5 लीटर महुआ से बनी हुई अवैध कच्ची शराब को जप्त किया। इस कार्यवाही में एसआई नीरज लोधी, प्रधान आरक्षक विजय सिंह की अहम भूमिका रही।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किस्त पाने भटक रहे हितग्राही




**पलेरा, देशबन्धु।** नगर परिषद अंतर्गत आने वाले 15 वार्डों में स्वीकृत किए गए 678 प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं। लेकिन विगत चार माह पहले पूरे हो चुके आवास हितग्राहियों की तीसरी किस्त अब तक उनके बैंक खातों में नहीं पहुंची है। प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को अपने हक की किस्तों के लिए लगातार परेशान होना पड़ रहा है। अधिकांश हितग्राहियों ने कर्ज लेकर आवास निर्माण कराने के बाद उसमें रह रहे हितग्राहियों पर कर्ज वापसी के लिए लेनदारों का दबाव निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे परेशान हो चुके हितग्राहियों की आंखें छलक आती हैं। नगर में प्रधानमंत्री आवास के तहत करीब 678 आवासों के बनने पर सहमित बनी थी। जिसमें अधिकांश लोगों को पहली एवं दूसरी किस्त मिल गई है, अब आवास निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद लगातार हितग्राही तीसरी किस्त के लिए नगर परिषद के चक्कर लगा रहे हैं। हितग्राहियों को उम्मीद थी किस्त समय पर मिलती जाएगी तो देनदारियां चुका देंगे, इसी के चलते हितग्राहियों ने सिर पर अपनी छत के सपने को साकार करने के लिए कर्ज ले लिया और निर्धारित समय में ही आवास निर्माण करवा दिया। लेकिन अब उनकी परेशानियां बढ़ रही हैं। कर्ज देने वालों ने वापसी के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। ऐसी स्थिति में तीसरी किस्त पाने के लिए अधिकांश लोग परेशान हो रहे है। नगर परिषद कार्यालय में बार-बार चक्कर काटने के बाद भी तीसरी किस्त की समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। ऐसे में आवास योजना अंतर्गत कार्य पूर्ण कर चुके हितग्राहियों ने जिला कलेक्टर से इस पूरे मामले में तत्काल कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी करने का आरोपी गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बीते 16 अक्टूबर को फरियादिया पीड़िता गुमनाम आदिवासी उम्र 14 साल निवासी महेन्द्र महेबा ने थाना पलेरा में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया कि आरोपी खुमान कुशवाहा पिता रामदयाल कुशवाहा निवासी महेन्द्र महेबा ने पीड़िता के घर में घुसकर बुरी नियत से हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़खानी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। नाबालिग की रिपोर्ट पर थाना पलेरा में अपराध क्रमांक 393/23 धारा 452, 354, 506 ताहि 7/8 पोक्सो एक्ट 3 (1) डब्लू, 3 (2) व्ही, एससी/एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। उक्त टीम के द्वारा गुरुवार 19/10/23 को ग्राम महेन्द्र महेबा से आरोपी खुमान कुशवाहा पिता रामदयाल कुशवाहा उम्र 42 साल निवासी महेन्द्र महेबा को गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय टीकमगढ के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेन्द्र सिह परिहार, उप निरीक्षक शैलेन्द्र सक्सेना, प्रधान आरक्षक 355 सुनील, प्रधान आरक्षक 296 ग्यासी यादव, प्रधान आरक्षक शिवशरण त्रिपाठी, वरिष्ठ आरक्षक 106 परशुराम रजक, आरक्षक 9 आशुतोष तिवारी, आरक्षक 628 मनोज जाटव की अहम भूमिका रही है।

### बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में बह रही धर्मधारा

# कथावाचक भगवान का वैष्णो समिति सदस्यों ने शाल श्रीफल भेंट कर किया सम्मान



**पलेरा, देशबन्धु।** नगर के बड़ी देवी जी मंदिर प्रांगण में आयोजित भागवत कथा के आयोजन में कथाकार संत भगवान जी बापू का वैष्णो देवी समिति सदस्यों ने शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वैष्णो समिति सदस्य एवं पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव ने कहा कि सनातन धर्म का प्रचार प्रसार आवश्यक है। वर्तमान समय मे जिस तरह से सामाजिक वैमनस्यता फैलाने का कार्य सुनियोजित ढंग से किया जा रहा है, वह निंदनीय है। हिन्दू धर्म ने हमेशा ही एकता एवं धार्मिक सदभावना का पाठ पढ़ाया है एवं सामाजिक एकता की शिक्षा दी है। एक जनप्रतिनिधि अथवा सरकारी कर्मचारी के रूप में सेवारत व्यक्ति बिना किसी भेदभाव एवं राग द्वेष के कार्य करता है। श्री राम के आदर्शों से ही प्रेरणा लेते हुए राम राज्य की स्थापना की संकल्पना के साथ देश के संविधान का निर्माण किया गया है, जिससे अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने का लगातार प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश की जनता को पुरखों की परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। जहां ईश्वर के प्रति श्रद्धा एवं प्रेम हो वहा हिंसा का कोई स्थान नहीं। कथावाचक भगवान जी बापू का स्वागत कर पार्षद प्रतिनिधि मुकेश यादव एवं उनके सहयोगी सदस्यों ने आयोजन समिति के सदस्यों को बधाई दी एवं इस तरह के आयोजन नगर में लगातार आयोजित करने का आग्रह किया।

### जिला स्तरीय स्टेंडिग कमेटी की बैठक सम्पन्न

# न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिशचित करें राजनैतिक दल

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में स्टेंडिग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, अपर कलेक्टर पीएस चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के समय उपयोग किये जाने वाले नवीन अनुप्रयोग सी-विजिल, सुविधा, समाधान एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। समस्त राजनैतिक दलों से समाधान एप्लीकेशन के सुविधा से ऑनलाईन अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में आवेदन करने का अनुरोध किया गया। बैठक में बताया गया कि बिना अनुमति रैली, जुलूस, लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं करें। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करें। निर्वाचन व्यय निर्धारित सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। पोस्टर, पेम्पलेट, फ्लैक्स जो मुद्रित कराये जाये उनमें प्रकाशक का नाम एवं संख्या आवश्यक रूप से अंकित करें। रैली, आमसभा, हेलीकाप्टर उतारने की अनुमति का आवेदन पत्र 48 घंटे पूर्व सुविधा एप पर दिया जाना सुनिश्चित करें। सभा की अनुमति पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर दी जायेगी। आयोग के निर्देशानुसार सम्पत्ति विरूपण की रोकथाम करने, बिना अनुमति शासकीय/अशासकीय भवनों पर प्रचार संबंधी लेखन कार्य नहीं करने का अनुरोध किया गया। रात्रि 10 बजे के बाद से प्रातः 6 बजे तक किसी भी प्रकार का लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस बावत् आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। प्रत्येक अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन से कम से कम एक दिन पूर्व खोले गये नवीन बैंक खाते की जानकारी उपलब्ध करायेंगे, संबंधित प्रत्याशी द्वारा उसी बैंक खाते से व्यय किया जाना है। प्रत्याशियों एवं राजनैतिक दलों को जातिगत, धार्मिक, भाषाई समुदाओं को भड़काने वाले नारे, स्लोगन से बचना चाहिये। मस्जिदों, गिरजाघरों, मंदिरों एवं पूजा स्थल को चुनाव प्रचार में उपयोग नहीं करें। आदर्श आचार संहिता का सभी राजनैतिक दल अनुशरण करेंगे, इस संबंध में आयोग के नवीन निर्देश की प्रति भी वितरित की गई। आगामी विधानसभा निर्वाचन में अभ्भ्यर्थी की फोटो मतपत्र पर लगाने संबंधी आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। समस्त राजनैतिक दलों के उपस्थित प्रतिनिधियों को नाम निर्देशन फार्म भरने संबंधी निर्वाचन आयोग के नवीनतम निर्देशों से अवगत कराया एवं फार्म 2 ख, फार्म सी 1, सी 2, सी 3 एवं निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रपत्रों की छायाप्रति प्रदाय की गई। प्रत्येक अभ्यर्थी को नाम निर्देशन पत्र के साथ 3 माह पहले का नवीनतम फोटो जिसका आकार 2×2.5 सेमी, हो एवं फोटो में पूरा चेहरा कैमरे के तरफ हो, चेहरे पर तटस्थ अभिव्यिक्त हो तथा आखें खुली हों। फोटो अभ्यर्थी का सुविधानुसार रंगीन या काला और सफेद हो। फोटो साधारण पोशाक में होनी चाहिये, वर्दी में फोटो की अनुमति नहीं है। टोपी/हैट/गहरे रंग के चश्में में फोटो नहीं होने संबंधी आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया। नाम निर्देशन विधानसभावार जिन कक्षों में जमा किये जाना है उनकी जानकारी प्रदाय की गई। नाम निर्देशन के समय अभ्यर्थी को अधिकतम 3 वाहन लाने की अनुमति के बारे में बताया गया। नोमिनेशन में भी अभ्यर्थी सहित अधिकतम 5 व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत नाम निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि 21 अक्टूबर, नाम निर्देशन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, नाम निर्देशन की संवीक्षा की तिथि 31 अक्टूबर तथा नाम निर्देशन वापसी की तिथि 2 नवम्बर है। बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये मुद्दों का समाधान किया गया जिससे वह संतुष्ट रहे।



### पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मिलेगी सभा की अनुमति

# कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक के साथ नामांकन की तैयारियों का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में विधानसभा निर्वाचन 2023 का नामांकन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिऐ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी, अपर कलेक्टर एवं उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी सहित सबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### 2 दिन में देना होगी रिपोर्ट

# तेजगढ़-वन परिक्षेत्र ट्रैक्टर-ट्रॉली फर्शी पत्थर मामले में डीएफओ ने दिए जांच के आदेश

**दमोह देशबन्धु।** विगत दिवस मीडिया में मामला सामने आने के वाद डीएफ्ओ दमोह महेंद्र सिंह उईके द्वारा अनुविभागीय अधिकारी वन तेन्दुखेडा रेखा पटेल को मामले की जांच करने को कहा गया है जिनको दो दिन में अपनी रिपोर्ट देना है।

ज्ञात हो कि तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे स्वयं जब जबलपुर से लौट रहे थे तो ग्राम कलहरा के पास कलहरा तिराहे के पास एक ट्रेक्टर पर पीले कलर की ट्राली से फर्शी पत्थर का परिवहन करते हुए पाया। मौके पर गौड़ खनिज से संबंधित किसी भी तरह के दस्तावेज ट्रेक्टर ट्राली में नही पाए गए जिसके बद तेजगढ़ रेंजर ने कार्यवाही करते हुए ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर तेजगढ़ वन परिक्षेत्र कार्यालय में रखवा दिया और एफ्आईआर दर्ज कर ली थी। लेकिन जब एफ्आईआर में पकडी गयी फर्शी पत्थर की संख्या की जानकारी मीडिया में आयी तो जनचर्चा में फर्शी पत्थर की संख्या के साथ रेंजर साहब द्वारा खेल किये जाने और ट्रेक्टर ट्राली को राजसात से बचाने कम फर्शी पत्थर की संख्या और कीमत बताने के आरोप लगने लगे। जिसकी जानकारी मीडिया में भी सामने आयी। जिससे डीएफ्ओ द्वारा मामले की जांच का आदेश दिया गया है।



# मादो पंचायत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और गीतों से मतदान के लिए किया जागरूक

**दमोह देशबन्धु।** क्लीन स्वीप और मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत हटा ब्लाक की ग्राम पंचायत मादो में विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में ग्राम पंचायत सचिव रामकिशुन मिश्रा द्वारा सहयोगियों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और गीतों के माध्यम से ग्रामीणों से मतदान करने की अपील की गई। बुंदेलखंड लोकगीतों की तर्ज पर मतदान के लिए अपील करते हुए गीतों को ग्रामीण अंचलों में सुना जा रहा है लोग इन गीतों को सुनकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रेरणा भी ले रहे हैं।



# जबेरा में पुलिस ने निकाला पैदल फ्लैग मार्च



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन-2023 निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के निर्देशन जिले में निरंतर पुलिस प्रशासन एवं सीआरपीएफकी टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाले जा रहे है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदश तथा एस.डी.ओ.पी. डी.एस. ठाकुर के नेतृत्व में जबेरा नगर में शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से प्रमुख सड़कों एवं मार्गो पर पुलिस कर्मियों सहित सीआरपीएफकी टीम द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीओपी डी.एस. ठाकुर ने बताया कि विधानसभा चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न कराने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह पैदल फ्लेग मार्च निकाला गया है। साथ ही नगरवासियों से आग्रह किया है कि नवरात्रि एवं दशहरा का पावन पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए और आचार संहिता के नियमों का पालन करें। पैदल फ्लैग मार्च में एसडीओपी डीएस ठाकुर, थाना प्रभारी विजय अहिरवाल, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर नीरज शर्मा, एसआई एस.आर. रिछारिया सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी एवं सीआरपीएफ जवान सम्मिलित रहे।

# फैक्ट्री रेल लाइन के किनारे लावारिस पड़ा गांजा बरामद

**दमोह देशबन्धु।** शहर के रेल्वे स्टेशन के पीछे फैक्ट्री रेल लाइन के किनारे एक थैले में तीन पैकेट जिनमें प्रत्येक का वजन लगभग एक किलोग्राम गांजा साथ में टीशर्ट और मोजा मिलने पर आरपीएफजेडी मिश्रा, एएसआई एसके मिश्रा, आर राजीव मिश्रा ने पहुंचकर देखा तो तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली से एसआई प्रदीप चौधरी और एफ्एसटी टीम में सहा. खनिज अधिकारी सुनीत राजपूत, एएसआई रामगोपाल दुबे सहित टीम ने पहुंचकर वीडियो ग्राफी कराकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है.।



# नवीन प्राथमिक शाला में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** शासकीय नवीन प्राथमिक शाला सीएम राइज कैंपस 2 पथरिया में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम न्यायाधीश पथरिया राजेंद्र बर्मन का स्कूल के बच्चों ने हर्ष हर्ष जय जय के नारे लगा कर लगाकर आत्मीय स्वागत संस्था प्रमुख कुंजीलाल पाली व विद्यालय के समस्त स्टाफ ने न्यायाधीश का शाल श्रीफ्ल, पुष्प माला से स्वागत किया। तत्पश्चात संस्था के सभी छात्रों को न्यायाधीश द्वारा विधि संबंधी जन जागरण विधिक साक्षरता शिविर में संबोधित करते हुए सभी उपस्थित जनसमूह शिक्षक गण छात्रों को अवगत कराया कि संविधान के तहत प्राप्त जन अधिकारों का हमें भरपूर लाभ उठाना चाहिए किसी भी विधि विरुद्ध कार्य का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए सभी लोग अपने-अपने मौलिक अधिकारों का निर्भीक भय मुक्त होकर अपना-अपना जीवन निर्वाह करें विधि विरुद्ध कोई भी कार्य न तो स्वयं करें ना ही दूसरों को करने दे विधि विरुद्ध करने वाले लोगों से सावधान रहें, यदि कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध सामाजिक अराजकता नशा,हिंसा आदि में लिप्त रहता है तो उसकी सूचना माननीय न्यायधीश महोदय पथरिया के न्यायालय में निर्भीक होकर प्रस्तुत कर सकता है। विशेषकर छात्र-छात्राओं का कोई भी व्यक्ति,अनजान व्यक्ति आदि, शारीरिक शोषण,मानसिक शोषण करने की चेष्टा करता है तो बच्चों को अपने परिवारजन माता-पिता, भाई-बहन, शिक्षक आदि को निर्भीक होकर अवगत करायें। जिस सभ्य समाज के साथ निर्भीक होकर मानव कल्याण, मानव समाज का उत्थान हो सके। प्रमुख रूप से संस्था के सभी शिक्षक कुंजीलाल पाली, भागचंद अहिरवार सुदेश नायक, लक्ष्मण सिंह,अजय कोरी, कुसुम खटीक राजेश सुरक्षा गार्ड, सुखलाल, देवेंद्र कार्यकर्ता के साथ एसएमसी अध्यक्ष सविता काछी महिला एवं पुरुषों की उपस्थित रही।



## समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज उपार्जन के पंजीयन का आज अंतिम दिन

**दमोह देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मोटे अनाज उपार्जन हेतु जिले में कुल 26 पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है, इन केन्द्रों पर 20 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2023 तक किसान पंजीयन हेतु तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे राज्य शासन द्वारा बढ़ाकर पंजीयन तिथि आज 20 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई। कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिले के कृषकों से कहा है किसान पंजीयन प्रात: 10.30 बजे सायं 5.30 बजे तक समस्त कार्य दिवसों में रविवार एवं शासकीय अवकाश छोड़कर किया जायेगा। भूमि स्वामी अपना पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र के अतिरिक्त एम.पी.किसान एप, कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र, ई.उपार्जन पंजीयन एप से भी करा सकेंगे। सिकमी, वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों का पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्र पर ही किया जावेगा। कृषकों को नवीन पंजीयन हेतु आधार नंबर, बैक खाता नंबर, मोबाईल नंबर की जानकारी पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगी।

## पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में हुआ गरबा

**दमोह देशबन्धु।** स्वीप गतिविधियों के संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत पीजी कॉलेज दमोह के प्रचार्य एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. के पी अहिरवार और डिप्टी कलेक्टर ब्रजेश सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत देवी गीत एवं गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें गरबा नृत्य तथा देवी गीत और चुनाव मतदाता जागरूकता से संबंधित गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभा बंसल एवं आफ्रीन बानो ने क्षेत्रीय भाषा के बुंदेलखंडी लोकगीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान को नई दिशा दी तथा युवाओं को बढ़-चढ़कर वोटिंग में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय के छात्र हर्ष पटेल ,ओंकार सेन, अनुष्का चौबे, अनुश्री सोनी अंकित तिवारी आदि ने अपने मधुर गीतों के माध्यम से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया तथा चुनाव में अधिक से अधिक वोटिंग हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थी अंकित मांडवी ने मतदान जागरूकता से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। डॉ जितेंद्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधित गीत व स्वीप गतिविधि से दर्शकों को अवगत कराया। मंच संचालन अनिल कुमार यादव द्वारा किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. आलोक जैन, डॉ. हरिओम दुबे, डॉ. केके कोरी सहित महाविद्यालय के प्रोफेसर एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



# 6 वर्ष के गुमशुदा बालक को चंद घंटों में दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**दमोह देशबन्धु।** थाना कोतवाली दमोह में दिनांक 19 अक्टूबर 23 को प्रार्थिया पुष्पा पति मनोज चक्रवती उम्र 26 वर्ष निवासी माला बम्होरी थाना नोहटा हाल उमा मिस्त्री की तलैया दमोह द्वारा थाना में 6 वर्ष के बालक के गुम होने के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई थी। पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी द्वारा नाबालिग बालक/बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया था जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अपराध पंजीबद्ध कर नाबालिग बालक की लगातार तलाश कर 6 घंटो के अंदर दस्तयाब कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया.बालक को तलाश करने में निरी. विजय राजपूत, उनि बिदेश्वरी, प्र.आर. अनिल गौतम, नरेन्द्र, कृष्णकुमार, देशराज, रामकुमार, आकाश, म. आर. साक्षी, म. आर. रेशु, म.आर. नेहा की सहभागिता रही।

# धर्मशाला परिसर में आयोजित हुआ भारतीय जैन मिलन क्षेत्रीय महिला सम्मेलन

**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 का महिला सम्मेलन स्थानीय नन्हे मंदिर जी जैन धर्मशाला परिसर में परम पूज्य मुनि श्री विश्रुतसागर जी महाराज सासंध के सानिध्य में सम्पन्न हुआ है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका अतिवीरांगना कविता रिषभ जैन ने बताया कि वर्ष में एक वार होने वाले इस महिला सम्मेलन को संपन्न कराने का अवसर इस वार दमोह नगर की सभी शाखाओं को प्राप्त हुआ था यह दमोह नगर के लिए गौरव की बात है कार्यक्रम के प्रारंभ में शोभा अरविंद जैन इटोरिया एवं सीमा मनोज जैन द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया है वहीं नीति संजय जैन कुवेर पथरिया एवं शकुन पदम जैन जुझार वाला परिवार द्वारा मंच का उद्धघाटन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बसुंधरा नगर की वीरांगना बहनों द्वारा महावीर प्रार्थना एवं वर्षा जैन द्वारा मंगलाचरण किया गया। आमंत्रित अतिथियों में कल्पना एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके जैन एवं अंजना जैन एवं दिगंबर जैन पंचायत के महामंत्री पदम जैन द्वारा चित्र अनावरण किया गया तद् उपरांत कल्पना जैन एवं मनीषा जैन के साथ नेमकुमार जैन सराफराष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राकेश जैन हरदुआ राष्ट्रीय संयोजक द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अरुण जैन चंदेरिया क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जैन मिलन द्वारा की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेंद्र जैन राष्ट्रीय मंत्री भारतीय जैन मिलन थे कार्यक्रम के अंत में वीरांगना मंजू जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया वीरांगना रश्मि जैन ने कार्यक्रम के दौरान खुलजा सिमसिम की तर्ज पर प्रतियोगिता कराकर पुरस्कार वितरण किये। इस दौरान सर्वाधिक सक्रिय अध्यक्ष के रूप में श्रीमती विमला जैन जैन खिमलासा जी को क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा पुरस्कृत किया गया।




## जनपद पंचायत अंतर्गत कई सचिव गृह पंचायत में पदस्थ

**दमोह/पथरिया देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के पंचायत विभाग द्वारा एक तरफ सचिव गृह पंचायत में नही रह सकते हैं व रोजगार सहायकों को पंचायत का वित्तीय प्रभार नही रहेगा के निर्देश जारी किए जाते है वही विभागीय के अधिकारी ही निर्देशों का पालन नही करते फ्रि भी कोई ध्यान नही दिया जाता है इससे ऐसा लगता है कि जैसे आदेश का पालन हो तो ठीक नही हो रहा तो भी ठीक है जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायतों में गृह पंचायत वैसे नही मिल सकता पर प्रशासन विकल्प के रूप में अतिरिक्त प्रभार में दे देते हैं ऐसे में काम बन जाता है वही रोजगार सहायकों को पंचायत का वित्तीय प्रभार नही दिया जाए आदेश है उसके बाद भी कई रोजगार सहायकों को पंचायत का वित्तीय प्रभार सौंपा गया है। क्या संबंधित विभाग के अधिकारी इस पर ध्यान देंगे। ऐसी जनापेक्षा है।

## वाहनों की चैंकिग कर, की गई चालानी कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत जिले में लगातार वाहनों की चैंकिग कर चालानी कार्यवाही की जा रही हैं। इस संबंध में जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी ने बताया वाहनों की चैंकिग के दौरान 16 हजार रूपये के चालान काटे गये है।

# कोतवाली पुलिस ने जिला बदर को अवैध हथियार के किया गिरफ्तार

**दमोह देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक दमोह सुनील तिवारी द्वारा आगामी चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये आरोपियों की धरपकड हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा दमोह, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। कोतवाली पुलिस द्वारा जिला बदर अनावेदक गिण्डे उर्फ इमरान पिता इमाम कुरैशी उम्र 32 साल निवासी शोभानगर दमोह को दमोह शहर में जिला बदर अवधि के दौरान दहशत फैलाने के उद्देश्य से अवैध रूप से बटनदार चाकू लिये घूमने हुये पाये जाने से आरोपी गिण्डे उर्फ इमरान को गिरफ्तार किया गया एवं आर्म्स एक्ट एवं धारा 188 ताहि म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही की गयी। अनावेदक गिण्डे के पूर्व से न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी बारण्ट भी जारी किये गये थे। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारियों थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत, प्र.आर. 608 अनिल गौतम, आरक्षक नरेन्द्र पटैरिया, देशराज राजूपत कृष्णकुमार सिंह, आकाश पाठक महिला आरक्षक साक्षी, नेहा की भूमिका रही।

**जिला बदर की कार्रवाई:** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक संजू अहिरवार पिता महेश अहिरवार निवासी ग्राम सिंगपुर थाना दमोह देहात को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में केवल उसके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देना होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है।

# विधानसभा चुनाव में अभ्यर्थी 21 से 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकेंगे

## नाम निर्देशन पत्र जमा करने केवल पांच व्यक्ति ही होंगे पात्र, 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहन करेंगे प्रवेश



**सागर, देशबन्धु।** नाम निर्देशन पत्र जमा करने आवेदन केवल पांच व्यक्ति ही पात्र होंगे। आरओ/एआरओ कार्यालय के बाहर 100 मीटर की परिधि में केवल तीन वाहन ही प्रवेश कर सकेंगें। मीडिया को रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में अनुमति नही होगी। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के प्रशिक्षण के अवसर पर दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भव्या त्रिपाठी, समस्त रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मप्र विधानसभा निर्वाचन के लिए घोषित निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। इसी के साथ अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र 21 से 30 अक्टूबर तक भरे जाएगे। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने का समय प्रात:11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। उक्त अवधि में जिन तारीख में रविवार या सामान्य अवकाश के दिन रहेगें, उनमें नाम निर्देशन पत्र नहीं भरे जा सकेगे। ये तिथियां 22 अक्टूबर रविवार, 24 अक्टूबर दशहरा, 28 अक्टूबर महर्षि वाल्मिकी जयंती और 29 अक्टूबर रविवार है। इन चार दिनों में नाम निर्देशन पत्र नहीं भरे जाएगे। संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटरिंग अधिकारी के कार्यालय में नामांकन फार्म भरे जाएगें। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को जाएगी। अभ्यर्थी 2 नवम्बर तक नाम वापिस ले सकेंगे। मतदान की तिथि 17 नवम्बर रहेगी। मतगणना 3 दिसम्बर को की जाएगी। विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय के लिए अलग से बैंक खाता खुलवाना होगा। निर्वाचन व्यय की सीमा अधिकतम 40 लाख रूपये निर्धारित की गई है। सामान्य उम्मीदवारों के लिए निप्रेक्ष राशि 10 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी के लिए 5 हजार रुपये होगी। राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थी के लिए एक प्रस्तावक और शेष अभ्यर्थी के लिए दस प्रस्तावक आवश्यक होंगे। आरओ कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय अभ्यर्थी सहित कुल पांच व्यक्ति उपस्थित रह सकते है। इसी तरह एक अभ्यर्थी अधिकतम चार नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकता है। आरओ कार्यालय में 100 मीटर के क्षेत्र में केवल तीन वाहनों के प्रवेश की अनुमति होगी।

# कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने अंतर जिला बॉर्डर एवं मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने अधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सागर, दमोह अंतर जिला बॉर्डर का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी गोविंद दुबे, अधिकारी पुलिस प्रकाश मिश्रा, तहसीलदार ऋषि गौतम सहित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ गढ़ाकोटा रोन के पास बनाई गई अंतर जिला चेक पोस्ट पहुंचकर निरीक्षण किया एवं अपने सामने वाहनों की चेकिंग अवलोकन भी किया। कलेक्टर ने कहा कि अंतर जिला चेक पोस्ट पर तत्काल सीसीटीवी कैमरे लगायें जाये और 24 घंटे परियों में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगे जाये, जिससे कि 24 घंटे वाहनों की चेकिंग की जा सके। सभी वाहनों की जानकारी के लिए पंजी का संधारण करें, जिससे समय-समय पर उसकी जांच की जा सके। चेक पोस्ट स्थल पर आवश्यक वैरिकेटिंग कराएं। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए की सभी वाहनों की गहनता के साथ चेकिंग करें एवं चेकिंग करते समय पूरी शालीनता का व्यवहार रखें। कभी भी किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देशित किया कि बगैर नंबर के वाहनों पर भी कार्रवाई की जाये। गाड़ियों पर लगने वाले हूटर एवं अन्य प्रकार की नंबर प्लेट, नेम प्लेट लगी होने पर भी कार्रवाई की जाये। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगाने की तत्काल निर्देश दिए।

### वलनरेबल मतदान केंद्र का किया निरीक्षण


कलेक्टर दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ रहली विधानसभा क्षेत्र के वलनरेबल मतदान केंद्र का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर ग्रामवासियों से चौपाल लगाकर चर्चा भी की एवं कहा कि अधिक से अधिक मतदान करने के लिए आप लोग गांव में चर्चा करें और सर्वाधिक मतदान करें। आपके लिए पुलिस एवं राजस्व अधिकारी हमेशा तैयार हैं। आप किसी भी प्रकार डर या भय के साथ न रहे। मतदान आप लोगों की ताकत है। मतदान अवश्य करें और मजबूत लोकतंत्र बनाएं। वही रहली पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया एवं निर्देशित किया कि कार्यालय की आसपास वेरिकेटिंग करें जिससे कि अभ्यर्थी के साथ आने वाले व्यक्ति आरओ कार्यालय के समक्ष न आ सके और आयोग के निर्देशों का पालन कराया जा सके। संपूर्ण नाम निर्देशन के कार्य की वीडियोग्राफी अवश्य कराएं एवं आरओ कार्यालय परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

# 81 लीटर अवैध शराब कीमत 45,000 रूपये के साथ आरोपिया को किया गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में अवैध शराब विक्रय व सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालो के विरूध चलाई जा रही है मुहिम के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिंहा के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक यश विजौरिया के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी मोतीनगर के द्वारा तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुये कि मुखबिर के बताये स्थान पर शास्त्री वार्ड कुआ के पास राजकुमार अहिरवार के घर जाकर हमराह स्टॉफ ने रेड की जहॉ घर पर एक महिला शराब बैच रही है जिसका नाम पता पूछा जिसने अपना नाम जमना बाई पति स्व. धनीराम अरिहवार उम्र 53 साल निवासी शास्त्री वार्ड सागर का होना बताया, आरोपिया के कब्जे से 450 पाव 81 लीटर लाल सफेद देशी शराब कीमत 45,000 रूपये की समक्ष गवाह जप्ती की गई तथा आरोपिया उक्त का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपिया को गिरफ्तार कर जप्तशुदा माल थाना लाकर अपराध 1043/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विधिवत कार्यवाही कर आरोपिया को न्यायालय पेश किया, जेल वांरट प्राप्त होने पर केन्द्रीय जेल सागर में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल किया गया। आरोपिया को हिरासत में लेने एवं माल बरामदी में थाना प्रभारी संधीर चौधरी, शशिकांत गुर्जर, राकेश भट्ट, सरोज रावत, जानकी रमण मिश्रा, पवन सिंह, मीना गोस्वामी तथा थाना स्टॉफकी भूमिका रही है।

# दो गांजा तस्कर को रेल्वे पुलिस ने 7 किलो गांजा बरामद कर किया गिरफ्तार




**बीना, देशबन्धु।** जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे दो गांजा तस्करों से करीब 7 किलो गांजा जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। मिली जानकारी के अनुसार जीआरपी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो तस्कर, गांजा लेकर बीना रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म पर बैठे हुए हैं। इसके बाद जीआरपी ने 4 और 5 नंबर प्लेटफॉर्म पर स्थित मल्टी पर्पज स्टॉल के पास पहुंचे, जहां पर पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। पुलिस ने गोपाल सिंह पिता दूधनाथ सिंह 35 निवासी ग्राम कुंडा कला चंदौली यूपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास मिले पिट्ठू बैग में चार पैकेट में 4 किलो गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 60 हजार रुपए है। वहीं दूसरे आरोपी राकेश कुमार पिता मुरलीधर 52 ग्राम हेबतपुर मऊ यूपी के पास से एक ट्रॉली बैग में तीन पैकेट में 2 किलो 900 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 45 हजार रुपए आंकी गई है। जीआरपी ने कुल एक लाख 5 हजार रुपए का गांजा जब्त किया है। दोनों आरोपियों के पास से मुनीगुंडा से निजामुद्दीन का टिकट मिला है। दोनों गांजा तस्करों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक एमपी ठक्कर, मूलचंद, महेंद्र सिंह, लवकुश सिंह, सचिन श्रीवास्तव, दर्शन तिवारी, जितेन्द्र सिंह, रामशंकर लौवंशी एवं आरपीएफ प्र.आर. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्रा की भूमिका सराहनीय रही।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक चालक की मौत



**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** सागर-दमोह रोड स्थित नयाखेड़ा के समीप एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार एक ओर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सागर से गढाकोटा बाइक मंगलवार की शाम आ रहे थे कि नयाखेड़ा के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चालक आनंद पिता राजेंद्र सोनी निवासी शिवाजी वार्ड व बाइक पर सवार महेन्द्र पिता कपूरे अग्रवाल निवासी विवेकानंद वार्ड गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें राहगीरों कि मदद से गढाकोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां आनंद सोनी को ड्यूटी डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया तो वहीं महेंद्र अग्रवाल को सागर रेफर कर दिया। चूंकि घटना सानौधा थाना क्षेत्र कि थी इसलिए गढाकोटा पुलिस मर्ग कायम करते हुए शव का पोस्टमार्टम कर मामला सानौधा थाना पुलिस को सौंप दिया।

## अमृत काल विमर्श विकसित भारत के तहत विकास संवाद कार्यक्रम आज

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में अमृत काल विमर्श विकसित भारत 2047 के तहत आज विकास संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन अमृत काल में 2047 के भारत की संकल्पना पर आधारित है जिसमें अतीत के कार्यों और उपलब्धियों को दृष्टिगत रखते हुए नए भारत निर्माण की रूपरेखा तैयार कर विकासशील भारत से विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने पर मंथन और विचार विमर्श होगा। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. दिवाकर राजपूत ने बताया कि स्वतंत्रता के सौ वर्षों में विकसित भारत की छवि और उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर केन्द्रित संवाद कार्यक्रम विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में आयोजित किया जाएगा।

# कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से जानी एबीसीडी अक्षर वर्णमाला



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर दीपक आर्य एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी रहली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों के निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान शासकीय प्राथमिक शाला चुरहा में कक्षा चौथी में पहुंचकर उन्होंने छात्राओं से उनके नाम, गिनती, अक्षर की जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कक्षा चौथी, तीसरी के बच्चों से एबीसीडी 1 से 20 तक की गिनती, ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट सहित अन्य शब्दों की जानकारी भी प्राप्त की। बच्चों के द्वारा बड़ी ही शालीनता के साथ अधिकारियों के जवाब दिए गए। जिस पर कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बच्चों को थैंक यू कहा एवं कहा कि खूब पढ़ो और आगे बढ़ो। इसी प्रकार की शिक्षा बच्चों को आगे बढ़ाने का कार्य करती है। उन्होंने कक्षा में मौजूद शिक्षिका से कहा कि आप प्रतिदिन इसी प्रकार की शिक्षा दें, जिससे कि बच्चे अच्छे से पढ़कर आगे बढ़ सके।

## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण जन्म उत्सव मनाया



**सागर, देशबन्धु।** विश्व का भरणपोषण करने वाले भगवान विष्णु है। जीवन में आराम देने वाले भगवान राम है। अपने आराध्य के नाम का जाप भव सागर से पार लगायेगा। हमे कभी किसी की बुराई नही करनी चाहिए, क्योंकि बुराई आप में भी है और जुबान दूसरों के पास भी है। गलत कर्मों से डरिये, ईश्वर से नहीं क्योंकि ईश्वर माफ कर देता है लेकिन गलत कर्म आपका पीछा छोड़ने वाले नहीं है। मनुष्य जीवन मिला है तो भगवान भजन करते रहें। सकारात्मक सोच सकारात्मक कार्यों की ओर ले जाती है। यशोदानंदन दास द्वारा सिविल लाइन स्थित दुर्गा पंडाल में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत कथा के चौथे दिवस को कश्यप ऋषि संवाद, वामन अवतार कथा, राम जन्म और कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा के चौथे दिवस कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन से दुर्गा पंडाल गूंज गया।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में कलश यात्रा



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विवि में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत दोपहर 1 बजे समाज विज्ञान प्रांगण में कलश यात्रा निकाली गई। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कलश यात्रा का शुभारंभ किया जिसमें विश्वविद्यालय के सभी छात्र, शिक्षक और कर्मचारी सम्मिलित हुए। भारतीय परंपरा के अनुसार कलश यात्रा बैलगाड़ी पर निकाली गई। यात्रा के दौरान सभी ने मिट्टी और चावल कलश में अर्पित किये। कार्यक्रम के अंत में कुलानुशासक प्रो. चन्दा बेन ने पञ्च.प्रण शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रो. हेरेल थॉमस, प्रो. एपी त्रिपाठी, प्रो. जेके जैन, प्रो. नागेश दुबे, डॉ. राजेन्द्र यादव, डॉ. विवेक जायसवाल, डॉ. राकेश सोनी सहित कई शिक्षक, एनएसएस इकाई के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ढाना हवाई पट्टी पहुंचकर कलेक्टर, एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ढाना हवाई पट्टी पहुंचे, जहां उन्होंने ढाना हवाई पट्टी से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन के तहत आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। ढाना हवाई पट्टी पर कोई भी व्यक्ति बाहर से आता है तो इसकी तत्काल सूचना संबंधित रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी को दें और एफएसटी एएसएसटी का को भी जानकारी दें। आज से ही प्रत्येक व्यक्ति के आने जाने की वीडियोग्राफी कराई जायें और सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखें। प्रत्येक व्यक्ति का रिकॉर्ड संधारण करने के लिए पंजी का संधारण करें।

# आल्टो कार से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त पुलिस द्वारा रात 2 बजे की गई कार्यवाही



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन रोकने हेतु मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप 18-19 अक्टूबर की मध्य रात्रि में मुखबिर द्वारा चौकी प्रभारी कर्रापुर को सूचना प्राप्त होने पर उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। अति. पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक मकरोनिया केतन अडलक के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही हेतु चौकी कर्रापुर, थाना बहेरिया को निर्देशित किया गया। उप निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी चौकी कर्रापुर, निरीक्षक शिवमंगल सिंह थाना प्रभारी बहेरिया द्वारा मिली सूचना पर बंडा क्षेत्र से आल्टो कार क्र. एमपी 04 एचसी 1161 में अवैध शराब की पेटी लेकर सागर तरफ जा रहे थे। कार में ड्राईवर सहित दो व्यक्ति सवार थे। उक्त सूचना पर बंडा से सागर रोड पर कुटीर मुहल्ला में एम्बुस लगाकर रेड किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक एवं उसमें बैठा व्यक्ति पीरा नाला का सहारा लेकर भाग गये। आल्टो कार क्र. एमपी 04 एच सी 1161 को चेक किया गया तो कार में देशी मदिरा मशाला की 12 नग पेटी, जुमला 108 लीटर अवैध शराब लदी हुई थी। इस प्रकार मौके पर 60,000 रूपये की अवैध शराब एवं दो लाख रूपये की अल्टो कार जब्त की गई। आल्टो कार के चालक एवं अन्य एक व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी अधिनियम का प्रकरण कायम किया गया। कार चालक एवं अन्य साथी की तलाश जारी है।

# पुलिस प्रशिक्षण शाला में आयोजित दीक्षांत समारोह संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** पुलिस प्रशिक्षण शाला मकरोनिया में संचालित 14 वां नव आरक्षक बैच का बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षाणार्थियों का दीक्षांत समारोह मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दीक्षांत समारोह में 275 प्रशिक्षाणार्थी की परेड संपन्न हुई। दीक्षांत परेड अवसर पर प्रात: 8.50 बजे संस्था प्रमुख पुलिस अधीक्षक पीटीएस गोपाल प्रसाद खाण्डेल को सलामी दी गई। इसके उपरान्त प्रात: 9 बजे परेड द्वारा मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक श्री वर्मा को सलामी दी गई। परेड कमाण्डर प्रशिक्षु अभिषेक चनपुरिया द्वारा मुख्य अतिथि से दीक्षांत परेड के संबंध में रिपोर्ट कर परेड निरीक्षण का अनुरोध किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक पीटीएस द्वारा परेड में उपस्थित सभी 275 प्रशिक्षुओं को शपथ दिलाई गई। तदोपरान्त सम्पूर्ण परेड द्वारा मुख्य अतिथि को टोली वार मार्च कर मंच के सामने गुजरकर परेड द्वारा सलामी दी गई। पुलिस प्रशिक्षण शाला के वर्तमान 14वां नव आरक्षक बैच का बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 20 फरवरी 2023 से प्रारम्भ होकर आज पूर्ण हुआ है। इस इकाई में अब तक इस सत्र सहित कुल 14 प्रशिक्षण सत्र में कुल 4378 नव आरक्षक प्रशिक्षित हो चुके हैं। नव आरक्षक प्रशिक्षुओं को प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर में मानव व्यवहार, थाना प्रबंधन, अपराधों का अनुसंधान, कानून व्यवस्था, सुरक्षा, विधि विज्ञान एवं चिकित्सा विज्ञान आदि विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कम्प्यूटर एवं वाहन चालन का प्रशिक्षण समस्त प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया। नवीन पाठ्यक्रम पुलिस के मैदानी कार्य की आवश्यकताओं और वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को ध्यान में रखकर पुलिस मुख्यालय द्वारा तैयार किया गया। प्रशिक्षण शाला का पूरा प्रयास रहा है कि ये नव आरक्षक प्रशिक्षु जितने दक्ष पुलिसकर्मी बनें, उतने ही संवेदनशील मनुष्य बनें, ताकि जनता की अपेक्षाओं और आशाओं को पूरा कर सकें और उनके संरक्षक के रूप में प्रस्तुत हो सकें। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि ने कहा कि देश भक्ति जनसेवा मप्र पुलिस का मोटो है और आप ने संविधान के प्रति कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली है। यहां से दीक्षा प्राप्त करने के बाद आप पर्दापण करेंगे तब जनसेवा के साथ बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा। पुलिस अधिकारी का जीवन समसामयिक समस्याओं से भरा होता है। इन समस्याओं से प्रतिदिन रात में भी जूझना पडता है। पुलिस से समाज की अपेक्षाये बढ़ती जा रही है तथा वर्तमान समय में स्मार्ट पुलिसिंग के अनुरूप ढालना है। पीटीएस से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाना है। आपकी सोच बड़ी वृहद रहना चाहियें, मीडिया के माध्यम से विश्व की सारी सूचनाये जनसामान्य के माध्यम से पहुंचती है, जिन पर जनसाधारण की प्रतिक्रिया होती है जिनसे आपको सतर्क रहना एवं तत्वरित कार्यवाही के लिये तैयार रहना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा बुनियादी प्रशिक्षण में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षुओं को शील्ड व राशि से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा सत्र के प्रथम सर्वोत्तम आउटडोर प्रशिक्षणार्थी मिथुन अलावा को शील्ड व 15000 रुपए एवं सत्र का सर्वोत्तम द्वितीय आउटडोर प्रशिक्षणार्थी प्रदीप को शील्ड व 10000 रुपए सत्र का सर्वोत्तम इंडोर प्रशिक्षणार्थी प्रथम रामगोपाल तिवारी शील्ड व 15000 रू. सर्वोत्तम इंडोर द्वितीय सत्र का सत्र का सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी सचिन अहिरवार शील्ड व 10000 रू. सत्र का सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी द्वितीय सचिन चौकसे 15000 रू. सीहोर, सत्र का सर्वोत्तम प्रशिक्षणार्थी सचिन अहिरवार शील्ड व 25000 रू. सत्र का सर्वोत्तम इंडोर प्रशिक्षक कार्यवाहक निरीक्षक रुपाली पाण्डे शील्ड व 15000 रू. सत्र का सर्वोत्तम आउटडोर प्रशिक्षक कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक राकेश कन्नोजिया शील्ड व 15000 रू. से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डीआईजी सागर सुनील जैन भापुसे, 10 वीं वाहिनी सेनानी रसना ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सागर अभिषेक तिवारी नापुसे व पुलिस प्रशिक्षण शाला के उपुअ प्रशासन एसएल सिसोदिया समस्त अधिकारी कर्मचारी व शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।